Sanjay Gandhi Post Graduate Institute Of Medical Sciences, Lucknow

First Regulation
July 29, 2011

क्रम-संख्या—175

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०–
डब्लू०/एन०पी०–91/2011–13
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट
भाग—4, खण्ड (क)
(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, शुक्रवार, 29 जुलाई, 2011
श्रावण 7, 1933 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2

संख्या : 2683/71-2-11-1028/83
लखनऊ, 29 जुलाई, 2011

अधिसूचना

महत्वपूर्ण/सयमबद्ध

संख्या-2791 /71-2-11-1028/83

प्रेषक,

अजीत प्रकाश,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 01 अगस्त, 2011

विषय- संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ की प्रथम विनियमावली 2011 के प्रख्यापन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान अधिनियम 1983 (अधिनियम संख्या 30 सन् 1983) की धारा-41 की उपधारा (2) के अधीन प्रदत्त शक्ति के अधीन संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ की प्रथम विनियमावली अधिसूचना संख्या-2683/71-2-11-1028/83 दिनांक 29 जुलाई, 2011 द्वारा सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश असाधारण विधायी परिशिष्ट भाग-4, खण्ड (क) (सामान्य परिनियम नियम) दिनांक 29-7-2011 में प्रकाशित की जा चुकी है, जिसकी प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(अजीत प्रकाश)
संयुक्त सचिव।

संख्या- (1)/71-2-11-तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ प्रेषितः-

1. प्रमुख सचिव. श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
2. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।
3. प्रमुख सचिव, न्याय विभाग, उत्तर प्रदेश।
4. प्रमुख स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश।
5. निजी सचिव, मा0 मंत्री, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

(अजीत प्रकाश)
संयुक्त सचिव।

E/Pankaj/Sunil Sir Go

क्रम-संख्या—175

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०–
डब्लू०/एन०पी०–91/2011–13
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग—4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, शुक्रवार, 29 जुलाई, 2011

श्रावण 7, 1933 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2

संख्या : 2683/71-2-11-1028/83

लखनऊ, 29 जुलाई, 2011

अधिसूचना

सा0प0नि0–56

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान अधिनियम, 1983 (अधिनियम संख्या 30 सन् 1983) की धारा 41 की उपधारा (2) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल संस्थान की निम्नलिखित प्रथम विनियमावली बनाते हैः–

संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान,
प्रथम विनियमावली, 2011

अध्याय–एक
प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ 1 (1) यह विनियमावली संजय गॉधी, स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान प्रथम विनियमावली 2011 कही जायेगी।

(2) यह गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

परिभाषाएं 2 1– जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस विनियमावली में:–

(एक) अधिनियम' का तात्पर्य संजय गॉधी आयुर्विज्ञान संस्थान अधिनियम, 1983 से है,

(दो) 'अध्यक्ष' का तात्पर्य धारा–11 में यथा उपबंधित संस्थान के शासी निकाय के अध्यक्ष से है,

(तीन) 'विभागीय पदोन्नति समिति' का तात्पर्य विभागीय पदोन्नति समिति से है,

(चार) 'विभाग' का तात्पर्य संस्थान के किसी शैक्षणिक विभाग से है,

(पॉच)संकाय सदस्य' का तात्पर्य अध्यापन कर्मचारि वर्ग से है और जिसमें प्रतिष्ठित आचार्य, पारंगत आचार्य, ख्याति प्राप्त आचार्य, ज्येष्ठ आचार्य, आचार्य, अपर आचार्य, सह आचार्य और सहायक आचार्य सम्मिलित है,

(छः) वित्तीय हस्तपुस्तिका' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सरकार के प्राधिकारी द्वारा जारी वित्तीय हस्तपुस्तिका से है,

(सात) 'मूल नियम' का तात्पर्य सरकारी सेवकों के लिए यथा प्रयोज्य मूल नियमों से है,

(आठ) 'सरकार' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सरकार से है,

(नौ) 'नियमावली' का तात्पर्य समय–समय पर यथा संशोधित संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान नियमावली, 1991 से है,

(दस) 'अनुसूची' का तात्पर्य इस विनियमावली में संलग्न अनुसूची से है,

(ग्यारह) 'धारा' का तात्पर्य अधिनियम की किसी धारा से है,

(बारह) 'भर्ती वर्ष' का तात्पर्य किसी कैलेण्डर वर्ष की प्रथम जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह महीने की अवधि से है।

(2) इस विनियमावली में प्रयुक्त लेकिन अपरिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जैसा कि उनके लिए अधिनियम और नियमावली में समनुदेशित है।

अध्याय–दो
अधिकारी और कृत्यकारीगण

अध्यक्ष 3 **अध्यक्ष के कृत्य और शक्तियॉ**

अध्यक्ष ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे कृत्यों का निर्वहन करेगा जैसा कि अधिनियम, नियमावली और इस विनियमावली की अनुसूची एक और दो में उपबंधित है।

निदेशक 4 **(क) नियुक्ति/चयन का माध्यम**

धारा–41(1)(ज). संस्थान के कुलाध्यक्ष द्वारा निदेशक की नियुक्ति की जायेगी।

(ख) अहर्ता

निदेशक को किसी चिकित्सा महाविद्यालय/संस्था में आचार्य/सह आचार्य/उपाचार्य के रूप में न्यूनतम दस वर्ष अध्यापन अनुभव के साथ मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर चिकित्सा अर्हता अवश्य धारित करनी चाहिए, जिसमें कम से कम पॉच वर्ष किसी विभाग में आचार्य के रूप में होना चाहिए। चिकित्सा राहत, चिकित्सा शोध, चिकित्सा शिक्षा अथवा लोक स्वास्थ्य संगठन के क्षेत्र में व्यवहारिक अनुभव और प्रशासनिक अनुभव और महत्वपूर्ण वैज्ञानिक शिक्षा संस्था को इसके अध्यक्ष अथवा विभागाध्यक्ष के रूप में चलाने का पर्याप्त अनुभव रखने वालों को अधिमान दिया जा सकता है।

(ग) सेवाकाल

निदेशक अपना पदभार ग्रहण करने के दिनांक से पॉच वर्ष की अवधि के लिए अथवा अपनी आयु पैसठ वर्ष पूर्ण करने तक जो भी पहले हो के लिए पदभार ग्रहण करेगा।

(घ) निदेशक की शक्तियॉ और कर्तव्य –

(एक) निदेशक, शैक्षणिक परिषद, चिकित्सालय परिषद और वित्त समिति का पदेन अध्यक्ष होगा, और इन समितियों को संचालित करने अथवा अधिवेशन बुलाए जाने की शक्ति होगी।

(दो) वह शासी निकाय का उपाध्यक्ष होगा।

(तीन) वह संस्थान के समूह–'ख', 'ग' और 'घ' वर्ग के कर्मचारियों का नियुक्ति प्राधिकारी होगा, और ऐसे परिसीमन और निर्बन्धनों के अधीन जैसा वह उचित समझे, इस शक्ति का प्रतिनिधायन अपने नियंत्रणाधीन ऐसे अधिकारियों/अधिकारी को कर सकता है।

(चार) 'विभाग' का तात्पर्य संस्थान के किसी शैक्षणिक विभाग से है,

(पॉच)संकाय सदस्य' का तात्पर्य अध्यापन कर्मचारि वर्ग से है और जिसमें प्रतिष्ठित आचार्य, पारंगत आचार्य, ख्याति प्राप्त आचार्य, ज्येष्ठ आचार्य, आचार्य, अपर आचार्य, सह आचार्य और सहायक आचार्य सम्मिलित है,

(छः) वित्तीय हस्तपुस्तिका' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सरकार के प्राधिकारी द्वारा जारी वित्तीय हस्तपुस्तिका से है,

(सात) 'मूल नियम' का तात्पर्य सरकारी सेवकों के लिए यथा प्रयोज्य मूल नियमों से है,

(आठ) 'सरकार' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सरकार से है,

(नौ) 'नियमावली' का तात्पर्य समय–समय पर यथा संशोधित संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान नियमावली, 1991 से है,

(दस) 'अनुसूची' का तात्पर्य इस विनियमावली में संलग्न अनुसूची से है,

(ग्यारह) 'धारा' का तात्पर्य अधिनियम की किसी धारा से है,

(बारह) 'भर्ती वर्ष' का तात्पर्य किसी कैलेण्डर वर्ष की प्रथम जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह महीने की अवधि से है।

(2) इस विनियमावली में प्रयुक्त लेकिन अपरिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जैसा कि उनके लिए अधिनियम और नियमावली में समनुदेशित है।

अध्याय–दो
अधिकारी और कृत्यकारीगण

अध्यक्ष

3 **अध्यक्ष के कृत्य और शक्तियॉ**

अध्यक्ष ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे कृत्यों का निर्वहन करेगा जैसा कि अधिनियम, नियमावली और इस विनियमावली की अनुसूची एक और दो में उपबंधित है।

निदेशक
धारा–41(1)(ज).

4 **(क) नियुक्ति/चयन का माध्यम**

संस्थान के कुलाध्यक्ष द्वारा निदेशक की नियुक्ति की जायेगी।

(ख) अहर्ता

निदेशक को किसी चिकित्सा महाविद्यालय/संस्था में आचार्य/सह आचार्य/उपाचार्य के रूप में न्यूनतम दस वर्ष अध्यापन अनुभव के साथ मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर चिकित्सा अर्हता अवश्य धारित करनी चाहिए, जिसमें कम से कम पॉच वर्ष किसी विभाग में आचार्य के रूप में होना चाहिए। चिकित्सा राहत, चिकित्सा शोध, चिकित्सा शिक्षा अथवा लोक स्वास्थ्य संगठन के क्षेत्र में व्यवहारिक अनुभव और प्रशासनिक अनुभव और महत्वपूर्ण वैज्ञानिक शिक्षा संस्था को इसके अध्यक्ष अथवा विभागाध्यक्ष के रूप में चलाने का पर्याप्त अनुभव रखने वालों को अधिमान दिया जा सकता है।

(ग) सेवाकाल

निदेशक अपना पदभार ग्रहण करने के दिनांक से पॉच वर्ष की अवधि के लिए अथवा अपनी आयु पैसठ वर्ष पूर्ण करने तक जो भी पहले हो के लिए पदभार ग्रहण करेगा।

(घ) निदेशक की शक्तियॉ और कर्तव्य –

(एक) निदेशक, शैक्षणिक परिषद्, चिकित्सालय परिषद् और वित्त समिति का पदेन अध्यक्ष होगा, और इन समितियों को संचालित करने अथवा अधिवेशन बुलाए जाने की शक्ति होगी।

(दो) वह शासी निकाय का उपाध्यक्ष होगा।

(तीन) वह संस्थान के समूह–'ख', 'ग' और 'घ' वर्ग के कर्मचारियों का नियुक्ति प्राधिकारी होगा, और ऐसे परिसीमन और निर्बन्धनों के अधीन जैसा वह उचित समझे, इस शक्ति का प्रतिनिधायन अपने नियंत्रणाधीन ऐसे अधिकारियों/अधिकारी को कर सकता है।

(चार) अधिनियम, नियमावली और इस विनियमावली के उपबन्धों के अधीन वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग–एक के निबन्धन में निदेशक विभागाध्यक्ष होगा और विभागाध्यक्ष की शक्तियों का प्रयोग करेगा तथा अन्य बातों के साथ–साथ नीचे उल्लिखित कर्तव्यों का निर्वहन करेगाः–

(क) वह संस्थान के प्रशासन का प्रभारी होगा और संस्थान के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को कर्तव्य आवंटित करेगा और ऐसे पर्यवेक्षण और कार्यकारी नियंत्रण का प्रयोग करेगा जैसा आवश्यक हो।

(पॉच) उसे संस्थान के संकाय सदस्यों, रेजीडेंट्स, छात्रों, प्रशिक्षुओं और अन्य कर्मचारियों की सेवाओं को उस प्रकार से, जैसा वह संस्थान अथवा इसके चिकित्सालय की कार्य–प्रणाली के लिए ठीक समझे, उपयोग करने की शक्ति होगी।

(छः) वह संस्थान द्वारा या इसके विरुद्ध विधि वादों अथवा प्रकियाओं में संस्थान का प्रतिनिधित्व करेगा, पावर्स ऑफ अटार्नी हस्ताक्षरित करेगा और अभिवचन सत्यापित करेगा या संस्थान के किसी अधिकारी को इस प्रयोजनार्थ अपने प्रतिनिधि के रूप में प्रतिनियुक्त करेगा और उस अधिकारी को इन कर्तव्यों को निष्पादित करने हेतु प्राधिकृत करेगा।

(सात) वह असीमित अवकाश के बिना क्लिनिकल, अध्यापन और शोध कर्तव्यों का निष्पादन जारी रख सकता है, और ड्यूटी लीव, सम्मेलन में भागीदारी विद्यार्जन संसाधन भत्ता, शोध अनुदान आदि जैसे कि किसी अन्य संकाय सदस्य को उपलब्ध हों, के साथ–साथ विभिन्न परिलब्धियों और सुविधाएं उपभोग करने का पात्र होगा।

(आठ) शासी निकाय द्वारा समय–समय पर जारी किये गये निर्देशों के अधीन निदेशक को परीक्षकों, विशेषज्ञों, निरीक्षकों, अनुसीमकों (माडरेटर्स) आदि को नियुक्त करने की शक्ति होगी।

(नौ) समस्त शोध प्रस्ताव चाहे वे संस्थान द्वारा निधिकृत किये जाने हों या बाह्य स्रोत अथवा दोनों के द्वारा, निदेशक के अनुमोदन के पश्चात ही उपक्रमित किये जायेंगे।

(दस) अनुसूची एक व दो में यथा उल्लिखित अन्य शक्तियॉ।

(ग्यारह) निदेशक ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का निष्पादन भी करेगा जैसा कि समय–समय पर संस्थान, शासी निकाय और अध्यक्ष के द्वारा उसे प्रत्यायोजित अथवा समनुदेशित किये जाएं।

अपर निदेशक
(धारा–9 (छ) और नियम–6)

5 **(क) नियुक्ति/चयन का माध्यम**

अपर निदेशक की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति के आधार पर की जायेगी।

(ख) अपर निदेशक की शक्तियॉ और कर्तव्य

(एक) अपर निदेशक, निदेशक के प्रशासनिक नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अधीन कार्य करेगा।

(दो) वह संस्थान के सामान्य प्रशासन जैसे कि नियुक्ति और कार्मिक मामले, निर्माण, अनुरक्षण उपापन इत्यादि के लिए उत्तरदायी होगा।

(तीन) वह ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कर्तव्यों का निर्वहन करेगा जैसा कि निदेशक द्वारा उसे समनुदेशित किये जायं।

(चार) वह संस्थान और सरकार के मध्य समन्वय करेगा।

(पांच) वह संस्थान के सभी कानूनी निकाय बैठकों के लिए विशेष आमंत्रित व्यक्ति होगा।

(छः) वह अनुसूची एक के स्तम्भ 4 में यथा उल्लिखित शक्तियों का प्रयोग करेगा।

संकायाध्यक्ष 6 (क) चयन/नियुक्ति का माध्यम

[धारायें 9 (घ), 14 (1) और 41 (1)(ज)]

(एक) शासी निकाय द्वारा संस्थान के संकायाध्यक्ष की नियुक्ति ज्येष्ठता के आधार पर संस्थान के आचार्यों में से तीन वर्ष की अवधि के लिए की जायेगी यदि उसे शासी निकाय द्वारा संस्थान के संकायाध्यक्ष के पद से च्युत, जिसके लिए लिखित में तीन महीने से अन्यून की नोटिस दे दी गयी हो, न किया जाय।

(दो) आचार्य के रूप में अधिवर्षता पर कोई व्यक्ति संकायाध्यक्ष का पद धारित करने से प्रविरत हो जायेगा।

(तीन) इस विनियमावली के प्रारम्भ पर संकायाध्यक्ष का पदधारित करने वाला कोई व्यक्ति अपने पदधारण के शेष कार्यकाल के अवसान अथवा अधिवर्षिता की आयु तक, जो भी पहले हो, पदधारण करता रहेगा।

(चार) जब संकायाध्यक्ष का पद रिक्त हो अथवा बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से जब संकायाध्यक्ष कर्तव्यों के निर्वहन में अक्षम हो, तब उसके पद के कर्तव्यों का निर्वहन अध्यक्ष द्वारा यथा नाम निर्दिष्ट संस्थान के ज्येष्ठतम आचार्य द्वारा निष्पादित किया जायेगा।

परन्तु इस प्रकार नियुक्त व्यक्ति को विभागाध्यक्ष होने के लिए भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा निर्धारित अर्हताएं अवश्य धारित करनी चाहिए।

[धारा–14 (2), और धारा 41 (1)(ज)]

(ख) संकायाध्यक्ष की शक्तियाँ और कर्तव्य

संस्थान के संकायाध्यक्ष को निम्नलिखित शक्तियाँ प्राप्त होंगी और वह निम्नलिखित कृत्यों का पालन करेगा:

(एक) वह संस्थान में अध्यापन, प्रशिक्षण, और शोध के सम्बन्ध में समस्त कार्यक्रमों के निष्पादन के लिए निदेशक के प्रति उत्तरदायी होगा;

(दो)वह निदेशक के नियंत्रणाधीन सभी शैक्षणिक गतिविधियों का प्रभारी होगा;

(तीन) वह सभी छात्रों के प्रवेश और सभी परीक्षाओं का समन्वय करेगा;

(चार)वह निदेशक को शैक्षणिक पुरस्कार पारितोषिक आदि की संस्तुतियाँ अग्रसारित करेगा;

(पाँच)वह निदेशक के नियंत्रण और दिशा–निर्देश के अधीन शोध से सम्बन्धित कार्य का समन्वय करेगा;

(छः) वह समुचित प्राधिकारियों को शोध प्रस्ताव प्रेषित करेगा, परन्तु अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों से निधियों की अपेक्षा करने वाले प्रस्ताव निदेशक के अनुमोदन के पश्चात ही प्रेषित किये जायेंगे;

(सात) वह विभिन्न विभागों से सम्बन्धित समस्त अन्य मामले, जिसमें शैक्षणिक कार्यों के व्यवहार के प्रस्ताव सम्मिलित हैं, अपनी संस्तुतियों सहित निदेशक को अग्रसारित करेगा;

(आठ)वह छात्रों और प्रशिक्षुओं के लिए छात्रवृत्ति पुस्तिका और मुफ्त सहायता के पुरस्कार से सम्बन्धित सभी कार्यों के लिए उत्तरदायी होगा।

(नौ) वह शैक्षणिक बोर्ड के अनुमोदनार्थ सभी मामले निदेशक को अग्रसारित करेगा;

(दस) वह छात्रों के मध्य अनुशासन बनाये रखने के लिये उत्तरदायी होगा और अनुशासनहीनता के लिए छात्रों को दण्डित करने की उसे शक्ति होगी तथा ऐसी कार्यवाहियों के लिए निदेशक अपीलीय प्राधिकारी होगा;

(ग्यारह) वह विभिन्न विभागों में सहयोगी शोध तथा शैक्षणिक गतिविधियों के लिये उत्तरदायी होगा;

(बारह) वह ऐसी वित्तीय शक्तियों का प्रयोग करेगा जैसी शासी निकाय द्वारा उसे समनुदेशित की जायें;

(तेरह) वह सभी कानूनी निकायों जैसे संस्थान, शासी निकाय, तथा वित्तीय समिति में आमंत्रित किया जायेगा;

(चौदह) वह ऐसे कर्तव्यों का पालन और ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा जो विनियमावली के साथ–साथ अनुसूची एक तथा दो में अधिकथित की गयी हो या जो समय–समय पर निदेशक द्वारा उसे समनुदेशित की जायंय

(पन्द्रह) वह ऐसे अन्य कर्तव्यों को सम्पादित करेगा और ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेगा जैसा विनियमावली में विहित किया गया हो इसमें अनुसूची एक व दो सम्मिलित है या निदेशक द्वारा समय–समय पर उसे जैसा समनुदेशित किया जाय।

वित्त अधिकारी 7

धारा–41 (1)(ज)

(क) नियुक्ति/चयन का माध्यमः

संस्थान के वित्त अधिकारी की नियुक्ति अधिनियम में यथा विनिर्दिष्ट रूप से राज्य सरकार द्वारा की जायेगी।

(ख) वित्त अधिकारी की शक्तियों और कर्तव्यः

जैसा कि अधिनियम में अधिकथित हो।

कार्यपालक कुलसचिव 8

धारा–16 (1)व नियम (6)

(क) नियुक्ति का माध्यमः

कार्यपालक कुल सचिव की नियुक्ति प्रतिनियुक्ति पर अथवा सीधी भर्ती द्वारा की जायेगी। कार्यपालक कुलसचिव की सेवा की निबन्धन एवं शर्तें ऐसी होंगी जैसी कि विनियमावली में विहित की जायें।

(ख) कार्यपालक कुल सचिव की शक्तियों और कर्तव्यः–

जैसा कि अधिनियम में अधिकथित हों।

विभागाध्यक्ष 9

धारा–41 (ज)

(क) नियुक्ति/चयन का माध्यम

विभागाध्यक्ष उक्त अधिनियम में यथा विनिर्दिष्ट के अनुसार उस विभाग का ज्येष्ठतम आचार्य होगा परन्तु यदि किसी विभाग में कोई आचार्य नहीं है, तब ज्येष्ठतम संकाय सदस्य, जो सह आचार्य से न्यून श्रेणी का न हो, विभाग का अध्यक्ष होगा।

परन्तु यह और कि जहाँ किसी विभाग का ज्येष्ठतम व्यक्ति स्वेच्छा से प्रत्याहरित कर लेता है और सह आचार्य की श्रेणी से ऊपर या नीचे कोई व्यक्ति उपलब्ध न हो, तब शासी निकाय किसी दूसरे विभाग के संकाय सदस्य को उस विभाग के अध्यक्ष के रूप में पदाभिहित करेगी;

परन्तु विभागाध्यक्ष के रूप में शासी निकाय द्वारा पदाभिहित कोई व्यक्ति भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा विभागाध्यक्ष के लिए विहित शैक्षणिक अर्हताएं अवश्य धारित करेगा।

धारा–41 (झ)(ज)

(ख) शैक्षणिक विभाग के अध्यक्ष की शक्तियों और कर्तव्य

अधिनियम, नियमावली और इस विनियमावली के उपबन्धों के अध्यधीन तथा निदेशक के नियंत्रण के अध्यधीन शैक्षणिक विभाग के अध्यक्ष को निम्नलिखित शक्तियाँ होंगी और निम्नलिखित कर्तव्यों का निष्पादन करेगा :–

(एक) विद्या परिषद् द्वारा यथा अनुमोदित पाठ्य परिषद् द्वारा की गयी संस्तुतियों को ध्यान में रखते हुए और भारतीय चिकित्सा परिषद् के मानकों के अनुसार वह विभाग के संकाय सदस्यों के परामर्श से अपने विभाग में अध्यापन कार्य को संगठित करेगा;

(दो) चिकित्सालय परिषद् और सांविधिक निकायों के विनिश्चयों के अनुसार और विभाग के संकाय सदस्यों के परामर्श से वह विभाग की क्लिनिकल सेवाओं को संगठित करेगा;

(तीन) वह अपने विभाग के भीतर शोध की समस्त प्रगति के लिए उत्तरदायी होगा ;

(चार) वह अपने विभाग की वर्तमान सम्पत्ति के स्टाक्स के रख–रखाव हेतु उत्तरदायी होगा और शासी निकाय द्वारा यथा प्रत्यायोजित वित्तीय शक्तियों और उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेगा, तथा;

(पाँच) उसकी अनुपस्थिति में अगला ज्येष्ठतम संकाय सदस्य विभागाध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

धारा 22 (1) और 41 (1)(ज)

10 नियुक्ति की रीतिः– (1) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की नियुक्ति निदेशक की संस्तुति पर अध्यक्ष द्वारा आचार्य और ज्येष्ठ आचार्य में से की जायेगी;

(2) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का कार्यकाल इस रूप में कार्य प्रारम्भ करने के दिनांक से दो वर्ष का होगा;

(3) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अपनी शक्तियों का प्रयोग और अपने कृत्यों का निष्पादन निदेशक से सीधे नियंत्रण में करेगा;

(4) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की शक्तियां और कर्तव्यः

(क) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक चिकित्सालय प्रशासन के लिए उत्तरदायी होगा;

(ख) वह चिकित्सालय परिषद का सदस्य सचिव होगा और इसके विनिश्चयों को निष्पादित करेगा।

ग) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की निम्नलिखित शक्तियाँ और कृत्य होंगे :–

(एक) चिकित्सालय का अनुरक्षण और रख–रखाव करना;

(दो) संबंधित विभागाध्यक्षों से परामर्श करना और चिकित्सालय कर्मचारियों जैसे नर्स, तकनीशियनों और चिकित्सालय के अन्य सभी श्रेणियों के कर्मचारियों के कार्य निष्पादन और अनुशासन को बनाये रखना;

(तीन) रोगी से संबंधित गतिविधियों जैसे आहार सेवायें, लाण्ड्री सी एस एस डी, अभियांत्रिकी, फार्मेसी, रोगी कल्याण और चिकित्सालय लेखों आदि का अनुश्रवण करना;

(चार) रोगी देखभाल, चिकित्सालय प्रशासन और वित्तीय प्रबंध के लिए प्रभावी निर्णय लेने में सहायता देने के लिए सम्पूर्ण चिकित्सालय की सुसंगत सूचनायें देने वाली चिकित्सालय प्रबन्धन प्रणाली का उपाय करना;

(पांच) समय से विशिष्ट गुणवत्ता की सेवायें प्रदान किया जाना सुनिश्चित करना;

(छह) रूग्णता और मृत्युदर को कम करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सर्वोत्कृष्ट रोगी देखभाल न्यूनतम लागत पर उपलब्ध कराने के लिए नियोजन, संगठन, कर्मचारि संरचना, समन्वय, नियंत्रण और स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से चिन्तन करना;

(सात) निदेशक द्वारा समय–समय पर सौंपे गये कर्तव्यों का निष्पादन करना;

(5) चिकित्सालय में तैनात समस्त वित्त एवं लेखा कार्मिक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सीधे नियंत्रण में होगें;

(6) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक चिकित्सालय के विज्ञान प्रबन्धन के लिए भी उत्तरदायी होगा और वह स्वास्थ्य प्रशासन में संरत कार्मिकों के ज्ञान और कौशल को भी अद्यतन रखेगा;

(7) जब मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का पद रिक्त हो या जब वह रूग्णता, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्तव्यों के निष्पादन में असमर्थ हो तो उसके पद की शक्तियों और कृत्यों का सम्पादन ऐसे व्यक्ति द्वारा, जो आचार्य से अनिम्न श्रेणी का हो, किया जायेगा जिसे निदेशक द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जाये।

चिकित्सा अधीक्षक

10-क (1) नियुक्ति की रीतिः

(क) चिकित्सा अधीक्षक की नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा की जायेगी।

(ख) चिकित्सा अधीक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए अनिवार्य योग्यताओं में

(एक) एम0बी0बी0एस0 उपाधि

(दो) भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सा प्रशासन/चिकित्सा प्रबन्धन में स्नातकोत्तर चिकित्सा योग्यता/स्नातकोत्तर योग्यता और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के समकक्ष 14 वर्षो का अध्यापन अनुभव।

(2) चिकित्सा अधीक्षक की शक्तियॉ और कृत्यः

(क) वह चिकित्सालय प्रशासन के लिए उत्तरदायी होगा और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अधीन कार्य करेगा।

(ख) उसे निदेशक के नियंत्रण के अध्यधीन निम्नलिखित शक्तियॉ होंगी और वह निम्नलिखित कृत्यों का निष्पादन करेगा :–

(ग) वह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पर्यवेक्षण के अधीन चिकित्सालय का अनुरक्षण और रख–रखाव करेगा;

(घ) वह चिकित्सालय के कर्मचारियों जैसे नर्स, तकनीशियन और चिकित्सालय के अन्य सभी श्रेणियों के कर्मचारि वर्ग के कार्य निष्पादन और अनुशासन को बनाये रखने के लिए उत्तरदायी होगा;

(ड.) चिकित्सा अधीक्षक द्वारा पैरामेडिकल स्टाफ का अधिष्ठान कार्य देखा जायेगा। निदेशक के समक्ष प्रस्तुत की जानी वाली समस्त पत्रावलियां और प्रस्ताव मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के माध्यम से भेजे जायेगे।

(च) वह रोगी से सम्बन्धित गतिविधियों जैसे आहार सेवाएं, रोगी कल्याण, बिल लेखा तैयार करना आदि के लिए उत्तरदायी होगा।

(3) जब चिकित्सा अधीक्षक का पद रिक्त या वह रूग्णता, अनुपस्थिति या अन्य किसी कारण अपने पद के कर्तव्यों के निष्पादन मे असमर्थ हो तो उसके पद की शक्ति और कृत्यों का निष्पादन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जायेगा, जिसे निदेशक द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जाय।

संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
धारा 22 (3) और 41 (1)(ज)

11. (क) नियुक्ति/चयन का माध्यम

संयुक्त निदेशक (प्रशासन) की अर्हताएं और नियुक्ति की विधि ऐसी होगी जैसा कि शासी निकाय द्वारा अवधारित किया जाय।

(ख) संयुक्त निदेशक (प्रशासन) की शक्तियां और कर्तव्य

(1) संयुक्त निदेशक (प्रशासन) संस्थान के सामान्य प्रशासन तथा कार्मिक अनुभाग की देखभाल करेगा।

(2) वह अपने कृत्यों के समुचित निर्वहन के लिए अपर निदेशक के प्रति उत्तरदायी होगा।

संयुक्त निदेशक (सामग्री प्रबन्धन)
धारा 22 (3) और 41 (1)(ज)

12 (क) नियुक्ति/चयन का माध्यम

संयुक्त निदेशक (सामग्री प्रबन्धन) की अर्हताएं और नियुक्ति की विधि ऐसी होगी जैसा कि शासी निकाय द्वारा अवधारित किया जाय।

(ख) संयुक्त निदेशक (सामग्री प्रबन्धन) की शक्तियां और कर्तव्य

(1) संयुक्त निदेशक (सामग्री प्रबन्धन):–

(क) सामग्री प्रबन्धन अनुभाग का अध्यक्ष होगा और निदेशक के नियंत्रण तथा पर्यवेक्षण के अधीन कार्य करेगा;

(ख) उच्च स्तरीय कय समिति तथा कय समिति का सदस्य सचिव होगा य

(ग) अपने अधीन कार्यरत सभी श्रेणी के स्टाफ के मध्य कार्य निष्पादन बनाए रखने तथा अनुशासन के लिए उत्तरदायी होगा;

(घ) को ऐसी अन्य शक्तियॉ होंगी और ऐसे अन्य कर्तव्यों का निर्वहन करेगा जो समय–समय पर उसे निदेशक द्वारा समनुदेशित किए जायें।

(2) जब संयुक्त निदेशक (सामग्री प्रबन्धन) का पद रिक्त हो अथवा जब बीमारी, अनुपस्थिति अथवा किसी अन्य कारण से वह अपने पद के कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हो तब ऐसे अन्य व्यक्ति द्वारा उसके पद के दायित्वों का निर्वहन किया जायेगा जैसा कि अपर निदेशक द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जाय।

मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष धारा 41 (1) (ज) और 41 (1)(ट)

13 (क) नियुक्ति/चयन का माध्यम

(1) निम्नलिखित सदस्यों को मिलाकर बनने वाली चयन समिति की संस्तुतियों पर अध्यक्ष द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष नियुक्त किया जायेगा,

(क) निदेशक, जो समिति का सभापति होगा;

(ख) संकायाध्यक्ष;

(ग) सभापति, पुस्तकालय समिति, और

(घ) तीन विशेषज्ञ, जिनमें से एक अध्यक्ष द्वारा नाम निर्दिष्ट पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में से होगा।

(2) नियुक्ति के लिये मुख्य पुस्ताकालयाध्यक्ष द्वारा धारित की जाने वाली अर्हताएं ऐसी होंगी जैसा कि अध्यक्ष द्वारा अवधारित की जाय।

(ख) मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष की शक्तियां और कर्तव्यः–

(1) वह संस्थान के पुस्तकालय का अनुरक्षण करेगा और इसकी सेवाओं को संगठित करेगा;

(2) वह पुस्तकालय समिति के सभापति के माध्यम से निदेशक के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन होगा।

अध्याय–तीन

संस्थान की बैठकें

धारा 6 और 41 (1)(क)

14 संस्थान की बैठकें और ऐसी बैठकों में कार्य संचालन

(1) संस्थान की सामान्य बैठक के लिए, सचिव, बैठक के कम से कम 15 दिन पहले प्रत्येक सदस्य को बैठक का समय और स्थान अभिकथित करते हुए एक नोटिस भेजेगा,

(2) कोई सदस्य जो बैठक में किसी संकल्प का प्रस्ताव करना चाहता है, सचिव को संकल्प के निबन्धन भेजेगा जो उसके पास बैठक के लिए नियत दिनांक के दस दिन पूर्व, न कि उसके बाद पहुँच जाय,

(3) सचिव, बैठक के कम से कम सात दिन पूर्व एक कार्य सूची भेजेगा जिसमें बैठक में लाए जाने वाले कार्य, ऐसे सभी प्रस्तावित संकल्पों के निबन्धन जिसकी नोटिस लिखित रूप में पहले ही उसे पहुँच गई हो,

(4) कोई सदस्य जो कार्यसूची में सम्मिलित किसी भी प्रस्ताव में कोई संशोधन करने का प्रस्ताव करना चाहता है, संशोधन के निबन्धन सचिव को भेजेगा जो उसके (सचिव) के पास बैठक के लिए नियत दिनांक से चार दिन पूर्व न कि उसके बाद पहुँच जाय, और;

(5) यदि कोई संशोधन लाए जायं, तो सचिव बैठक के लिए नियत दिनांक से कम से कम तीन दिन पहले सभी प्रस्तावित प्रस्ताव और संशोधनों को प्रदर्शित करते हुए एक पुनरीक्षित कार्यसूची जारी करेगा;

(6) संस्थान की असाधारण बैठक अध्यक्ष द्वारा संस्थान के अत्यावश्यक कार्य के संव्यवहार के लिए किसी भी समय बुलाई जा सकती है;

(7) संस्थान की असाधारण बैठक संस्थान के कुल सदस्यों के कम से कम एक तिहाई सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित अध्यपेक्षा करने पर अध्यपेक्षा किए जाने के दिनांक से एक माह के भीतर बुलाई जायेगी, ऐसी अपेक्षा के साथ ऐसे संकल्प या संकल्पों के निबन्धन जिनका प्रस्ताव किया जाना आभयित हो, और ऐसे प्रत्येक संकल्प के प्रस्तावक और समर्थक के नामों को भी संलग्न किया जायेगा;

(8) असाधारण बैठक की दशा में, सचिव बैठक के समय और स्थान के बारे में प्रत्येक मामले की परिस्थिति के अनुसार पूर्व सूचना भेजेगा और ऐसे मामलों में वह बैठक की सूचना के साथ कार्यसूची पत्र भी जारी करेगा;

(9) कोई मामला जिस पर संस्थान की बैठक में पहले ही विनिश्चय कर लिया गया हो, विचार के लिए पुनः नहीं लाया जायेगा या उस पर तब तक पुनर्विचार नहीं किया जायेगा जब तक छः माह की अवधि समाप्त न हो जाय, सिवाय ऐसे मामलों के जिसमें अध्यक्ष का यह समाधान हो जाय या सरकार यह निर्देश दे कि संस्थान के हित में उक्त मामलें पर पुनर्विचार करना अपेक्षित है;

(10) कोई संकल्प, प्रस्ताव, संशोधन या कोई अन्य कार्य का मामला, जिसकी पूर्व सूचना न दी गयी हो, सिवाय अध्यक्ष की विशेष अनुमति के संस्थान के समक्ष नहीं लाया जायेगा;

(11) संस्थान की असाधारण बैठक में कोई भी सदस्य पूर्व नोटिस दिये बिना कोई संशोधन प्रस्तुत कर सकता है;

(12) सचिव संस्थान के निदेशक के निर्देशों के अधीन संस्थान की प्रत्येक बैठक के लिए कार्यसूची का प्रारूप तैयार करेगा और अध्यक्ष कार्यसूची को उसमें ऐसे परिवर्तन यदि कोई हों, करने के पश्चात जिन्हें वह आवश्यक समझें, अनुमोदित करेगा, और;

(13) संस्थान की बैठक की कार्यसूची में धारा–8 में विनिर्दिष्ट संस्थान के कृत्यों से सम्बन्धित मामलें सम्मिलित किये जा सकते हैं;

(14) संस्थान की सभी बैठकों में सभापति को सम्मिलित करते हुए 51 प्रतिशत सदस्यों से गणपूर्ति होगी;

(15) बैठक के नियत समय पर सचिव इस बात का ध्यान रखेगा कि क्या गणपूर्ति संख्या उपस्थित है और यदि बैठक के अधिसूचित समय के पश्चात 30 मिनट के भीतर गणपूर्ति संख्या पूरी न हो तो बैठक कोई कार्य संव्यवहार किये बिना स्थगित कर दी जायेगी;

(16) ऐसी स्थगित बैठक की सूचना प्रत्येक सदस्य को सचिव द्वारा ऐसी बैठक के दिनांक से कम से कम 7 दिन पूर्व पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, कोरियर, फैक्स या किसी अन्य उपयुक्त तरीके से भेजी जायेगी;

(17) प्रत्येक प्रस्ताव का स्वरूप सकारात्मक होगा और उसे समर्थित किया जाना आवश्यक है और ऐसे सदस्य के नाम के किसी प्रस्ताव को जो बैठक में अनुपस्थित हो या जो उसे प्रस्तावित करने से इंकार करें, किसी अन्य सदस्य द्वारा प्रस्तावित किया जा सकता है;

(18) बैठक में रखे गये सभी मामलों का विनिश्चय उपस्थित सदस्यों के सामान्य बहुमत से किया जायेगा और किसी भी विषय पर मतदान कराने में सभापति सदस्यों से हाथ खड़ा करके पहले सकारात्मक मत और बाद में नकारात्मक मत उपदर्शित करने के लिए कहेगा और तदनुसार परिणाम घोषित करेगा जिसे कार्यवृत्त पुस्तक में अभिलिखित किया जायेगा, और;

(19) बैठक में अध्यक्षता करने वाला सभापति मत देने का हकदार होगा और मत बराबर होने की दशा में सभापति का द्वितीय या निर्णायक मत होगा;

(20) वित्त सचिव को संस्थान की प्रत्येक बैठक में आमंत्रित किया जायेगा। अध्यक्ष भी संस्थान के किसी भी अधिकारी को संस्थान की किसी भी बैठक में आमंत्रित कर सकता है। सभी विशेष आमंत्रित और आमंत्रित किए जाने पर बैठक में उपस्थित होने वाले सभी व्यक्ति जो संस्थान के सदस्य न हो, विचार विमर्श में भाग ले सकते हैं, किन्तु उन्हें मत देने का अधिकार नहीं होगा;

(21) संस्थान का कोई कार्य अध्यक्ष की सहमति से सभी सदस्यों और अध्यक्ष को कागज–पत्र परिचालित करके संचालित किया जा सकता है और यदि सर्वसम्मिति से अनुमोदन कर दिया जाय और कार्यवाही कर दी गयी है तो संकल्प और उस पर की गई कार्यवाही को संस्थान की अगली बैठक के समक्ष सूचनार्थ रखा जायेगा;

(22) संस्थान की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियों का कार्यवृत्त सचिव द्वारा कार्यवृत्त पुस्तक में जो इस प्रयोजन हेतु लिए उसके द्वारा रखी जायेगी लेखबद्व किया जायेगा और उस पर बैठक के सभापति द्वारा हस्ताक्षर किये जायेंगे और बैठक के पश्चात यथा संभव शीघ्र सदस्यों को परिचालित किया जायेगा, और पुष्टि किये जाने के लिए संस्थान के समक्ष उसकी अगली बैठक में रखा जायेगा, और;

(23) बैठक का सभापति संस्थान के किसी ऐसे विषय के सम्बन्ध में जिसका उपबन्ध इस विनियमावली में न किया गया हो, संस्थान के कार्य संचालन के लिए अनुसरण की जाने वाली प्रकिया का विनिश्चय करेगा।

अध्याय–चार

शासी निकाय

धारा 18(1)(छ), 41(1) (ख) और नियम 7] 15. (क) शासी निकाय के गठन से सम्बन्धित मामले:–

(1) धारा 18 की उपधारा (1) के खण्ड (छ) के अधीन सदस्यों का नाम निर्दिष्ट करने के प्रयोजन के लिए निदेशक; अध्यक्ष, विभागाध्यक्षों और अन्य संकाय सदस्यों की सूची उनकी ज्येष्ठता के कम में भेजेगा;

(2) अध्यक्ष उक्त सूची से धारा 18 की उपधारा (1) के उपर्युक्त खण्ड और नियम 7 के अनुसार ज्येष्ठता कम में बारी–बारी से दो व्यक्तियों को विभागाध्यक्ष होने के नाते और दो व्यक्तियों को संकाय सदस्य होने के नाते नाम निर्दिष्ट करेगा, औरय

(3) पश्चात्वर्ती रिक्तियों जिसके अन्तर्गत आकस्मिक रिक्तियां भी सम्मिलित है अध्यक्ष द्वारा उपर्युक्त विनियम (1) और (2) में विनिर्दिष्ट प्रकिया के अनुसार ज्येष्ठता कम में बारी–बारी से भरी जायेंगी ।

धारा 19 (2)(ञ) (ख) शासी निकाय की शक्तियों और कृत्य:–

(1) अधिनियम नियमावली और इस विनियमावली के उपबन्धो के अध्यधीन शासी निकाय को इसमें निहित समस्त शक्तियों के अतिरिक्त निम्नलिखित शक्तियां होंगी, अर्थात ;

(क) संस्थान के संकाय सदस्यों और अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की अर्हताओं, कर्तव्यों और सेवा शर्तों का अवधारण करना और राज्य सरकार के अनुमोदन के अध्यधीन उनकी परिलब्धियाँ नियत करना ;

(ख) परीक्षकों की फीस, परिलब्धियाँ और यात्रा तथा अन्य भत्ते नियत करना ;

(ग) छात्रवृत्ति, अध्येतावृत्ति, पदक, पारितोषिक और अन्य पुरस्कार प्रदान करना ;

(घ) इस विनियमावली और इसकी अनुसूची में यथा अधिकथित शक्तियों का प्रयोग करना ;

(ङ) समितियों, कोष्ठकों और परिषदों आदि का सृजन करना, संस्थान के कार्य कलापों को सुविधाएं प्रदान करना ।

(2) शासी निकाय वित्तीय दायित्वों से निहित किसी प्रस्ताव पर विचार करने से पूर्व वित्त समिति की राय प्राप्त करेगा।

(3) शैक्षणिक कार्यकमों के दायित्वों के किसी प्रस्ताव पर विचार करने से पूर्व शासी निकाय विद्या परिषद् की राय प्राप्त करेगा।

(4) चिकित्सालय कार्यकमों के दायित्वों के किसी प्रस्ताव पर विचार करने से पूर्व शासी निकाय चिकित्सालय परिषद की राय प्राप्त करेगा ।

धारा 19(3) और

41(1)(50) (ग) शासी निकाय के कार्य संचालन के लिए प्रक्रिया:

(1) अपने कार्य से संव्यवहार के लिए शासी निकाय अध्यक्ष द्वारा यथा आवश्यक समझी गयी प्रायः बैठक करेगी, किन्तु प्रत्येक चतुर्थांश में कम से कम एक बार बैठक करेगी ;

(2) सदस्यों को प्रेषित किये जाने से पूर्व शासी निकाय की प्रत्येक बैठक के लिये कार्य सूची अध्यक्ष के निर्देशों के अधीन सचिव द्वारा तैयार की जायेगी और अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित की जायेगी ;

(3) शासी निकाय की सभी बैठकों में शासी निकाय की कुल सदस्य संख्या का आधा गणपूर्ति होगी और जब तक गणपूर्ति पूर्ण न हो जाय तब तक शासी निकाय की बैठक में कोई कार्य संव्यवहार नही होगा ;

(4) शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता करेगा ;

(5) शासी निकाय की बैठक में प्रस्तुत किये गये सभी मामले उपस्थित सदस्यों के बहुमत और मतदान द्वारा विनिश्चित किए जायेंगे और मतों के बराबर होने की दशा में बैठक के सभापति का समर्थक अथवा निर्णायक मत होगा ;

(6) शासी निकाय का कोई कार्य, अध्यक्ष की सहमति से अध्यक्ष तथा सभी सदस्यों को पत्रों के संचरण के माध्यम से व्यवहृत किया जायेगा। संकल्प तथा उस पर की गयी कार्यवाही पुष्टिकरण के लिए शासी निकाय की अगली बैठक में रखा जायेगा ;

(7) शासी निकाय की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियों का कार्यवृत्त सचिव इस प्रयोजनार्थ उसके द्वारा अनुरक्षित कार्यवृत्त पुस्तिका में अंकित करेगा और सभापति द्वारा हस्ताक्षर किये जाएगें। बैठक के पश्चात यथासंभव शीघ्र इसे सदस्यों को परिसंचरित किया जायेगा और विनिश्चय के लिए शासी निकाय के समक्ष इसकी अगली बैठक में रखा जायेगा।

अध्याय पांच

धारा 20(2)(छ), 20(2)(सात) और धारा 41(1)(ख) 16 (क) <u>विद्या परिषद् का गठन</u>

(1) निदेशक, अधिनियम की धारा 20 की उपधारा(2) के खण्ड (छः) और (सात) और नियम–8 के उपबंधों के अनुसार विद्या परिषद् में सह आचार्यों/सहायक आचार्यो का ज्येष्ठता क्रम में चकानुक्रम में नाम निर्देशन करेगा और नाम निर्देशन इस विनियमावली के अधीन संस्थान में सम्यक् रूप से अनुरक्षित ज्येष्ठता सूची से किये जायेंगे और कार्यपालक कुलसचिव द्वारा इस प्रयोजन के लिए निदेशक के समक्ष प्रस्तुत किये जायेंगे।

(2) ऐसे व्यक्ति जो अधिनियम की धारा 20 की उप धारा (2) के खण्ड(चार) और ,खण्ड (आठ) और नियम–8 के अधीन विद्या परिषद् के सदस्य के रूप में नाम निर्दिष्ट किये गये हों, को विद्या परिषद् में अन्य कार्यकाल के लिए तब तक नाम निर्दिष्ट नही किया जायेगा जब तक अन्य समस्त पात्र व्यक्तियों के नाम निर्देशन पर विचार नही कर लिया जाता है।

(3) अधिनियम की धारा 20 के उप–धारा (2) के खण्ड (आठ) के अधीन चयनित अथवा उक्त अधिनियम की उक्त धारा की उपधारा (2) के खण्ड(चार) और (छः) तथा (सात) के अधीन नाम निर्दिष्ट किसी सदस्य का कार्यकाल उसी समय समाप्त हो जायेगा जैसे ही वह पदधारण करने से प्रवरित हो जाता है जिस निमित उसका चयन अथवा नाम निर्देशन विद्या परिषद् में किया गया था।

(4) इस विनियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व धारा 20 की उपधारा (2) के खण्ड (आठ) के अधीन चयनित और खण्ड (चार) (छः) तथा (सात) के अधीन विद्या परिषद् में नाम निर्दिष्ट व्यक्ति आपने कार्यकाल की शेष अवधि तक पद धारण करेंगे, मानो की वे इस विनियमावली के अधीन नाम निर्दिष्टि या चयनित किये गये हों।

(5) पदेन सदस्य से भिन्न किसी सदस्य की कोई रिक्ति या आकस्मिक रिक्ति धारा 20 की उपधारा (2) की उपबंधों के अनुसार यथा स्थिति नाम निर्देशन या चयन करके भरी जायेगी।

(6) पद छोड़ने वाला सदस्य पद पर तब तक बना रहेगा जब तक कि उसके स्थान पर यथा स्थिति किसी अन्य व्यक्ति को नाम निर्दिष्ट या चयनित न कर दिया जाय।

(7) पदेन सदस्य से भिन्न कोई सदस्य लिखित रूप में स्वयं हस्ताक्षर से विद्या परिषद् के सभापति को अपना पद त्याग कर सकता है, जो बदले में उसे विद्या परिषद् को अग्रसारित कर देगा।

(8) किसी सदस्य को सभापति के अनुमोदन से विशेष आमंत्री के रूप में विद्या परिषद में आमंत्रित किया जा सकता है।

धारा 20(4)(ग) (ख) विद्या परिषद की अन्य शक्तियाँ और कृत्य:

उक्त अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन विद्या परिषद् के पास स्वयं में निहित अन्य समस्त शक्तियों के अतिरिक्त निम्नलिखित शक्तियाँ होंगी और वह निम्नलिखित कृत्यों का निर्वहन करेगी, अर्थात :–

(एक) पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में प्रस्ताव की समीक्षा करना नये पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करना ऐसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश से सम्बंधित पात्रता तथा ऐसे पाठ्यक्रमों की अवधि और विहित पाठ्यक्रम के पाठ्य विषय को प्रकाशित करना;

(दो) संस्थान के विभिन्न उपाधियों और डिप्लोमाओं तथा अन्य पाठ्यक्रम हेतु विशिष्ट विषयों के अनुदेश देने वाले व्यक्तियों द्वारा धारण किये जाने हेतु अपेक्षित अर्हताओं के सम्बंध में शासी निकाय को परामर्श देना ;

(तीन) संस्थान में अध्यापन और शोध सम्बन्धी पदों के सृजन, समापन और निलम्बन से सम्बंधित मामलों में शासी निकाय को परामर्श देना ;

(चार) अन्य संस्थाओं की उपाधियों, डिप्लोमाओं और अन्य पाठ्यक्रमों के मान्यता से सम्बन्धित मामलों में शासी निकाय को परामर्श देना ;

(पांच) सिद्धान्तों और मानदंडों की संस्तुति करना जिनके आधार पर परीक्षकों की नियुक्ति शासी निकाय के विचारार्थ की जा सकती है ;

(छः) शासी निकाय द्वारा उसे सन्दर्भित किसी मामले में रिर्पोट देना;

(सात) संस्थान के शैक्षणिक विभागों के संगठन और उनके विषयों के समनुदेशन के लिए योजनाओं का सूत्रपात, उपान्तर या पुनरीक्षण किया जाना और ऐसे विभागों के समापन, मान्यता या विभाजन अथवा ऐसे एक या अधिक विभागों के संविलियन की समीचीनता के संबंध में शासी निकाय को रिर्पोट देना;

(आठ) संस्थान के भीतर शोध को प्रोत्साहित करना और ऐसे शोध के रिर्पोटों की समय–समय पर अपेक्षा करना;

(नौ) संकाय के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत अध्यापन प्रशिक्षण और शोध से सम्बंधित प्रस्तावों पर विचार करना ;

(दस) छात्रों और प्रशिक्षणार्थियों से फीस और प्रभारों की दरों के सम्बन्ध में शासी निकाय को संस्तुति देना;

(ग्यारह) विभागों को स्थापित करने तथा शोध एवं विशिष्ट अध्ययनों आदि को संस्थित करने के लिए शासी निकाय को प्रस्ताव करना ;

(बारह) अध्येतावृत्तियों, यात्रा अध्येतावृत्तियों, छात्रवृत्तियों, विद्यावृत्तियों, पदकों और पुरस्कारों या किसी विन्यास निधि या व्याख्यान तिथि को संस्थित करने के लिए शासी निकाय को प्रस्ताव करना ;

(तेरह) परीक्षाओं का समुचित स्तर बनाये रखने की दृष्टि से शासी निकाय को समुचित संस्तुतियाँ करना;

(चौदह) संस्थान के विभागों के लिए अतिरिक्त भौतिक सुविधाओं और अतिरिक्त कर्मचारिवर्ग के सृजन के लिए शासी निकाय को संस्तुति करना;

(पन्द्रह) अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षणिक अभिकरणों द्वारा प्रायोजित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण से सम्बन्धित मामलों में विचार करना;

(सोलह) उसके स्वंय के पहल पर या शासी निकाय द्वारा उसे सन्दर्भित किये जाने पर सामान्य शैक्षणिक हित के समस्त मामलों में विचार करना और शासी निकाय को रिर्पोट करना ;

(सत्रह) शैक्षणिक मामलों के सम्बन्ध में ऐसे समस्त कर्तव्यों का निष्पादन करना जो अधिनियम, नियमावली और इस विनियमावली के उपबंधों को समुचित रूप से कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक हो।

धारा 41(1)(ङ.) **(ग) विद्या परिषद् के कार्य संचालन की प्रक्रिया:**

(1) विद्या परिषद् अपने कार्य के संव्यवहार के लिए उतनी बार जितना कि निदेशक द्वारा आवश्यक समझा जाय, किन्तु त्रैमास में सामान्यतः एक बार संस्थान के परिसर में या ऐसे स्थान, दिनांक और समय पर जैसा कि निदेशक द्वारा नियत किया जाय, बैठक कर सकती है य

(2) सभापति और सदस्य सचिव सहित विद्या परिषद् के किसी कुल सदस्यों के 50 प्रतिशत सदस्यों से उस परिषद् के किसी कार्यभार के संव्यवहार के लिए गणपूर्ति गठित होगी और यदि कोई गणपूर्ति न हो तो बैठक स्थगित कर दी जायेगी ;

(3) विद्या परिषद् के किसी बैठक में समस्त विनिश्चय, सभापति सहित बैठक में उपस्थित सदस्यों के बहुमत द्वारा किये जायेंगे और मतों के समान होने की स्थिति में सभापति के पास द्वितीय या निर्णायक मत होगा ;

(4) विद्या परिषद् की प्रत्येक बैठक के कार्यवाहियों के कार्यवृत्तों की रूपरेखा, संकायाध्यक्ष द्वारा उक्त प्रयोजनार्थ उसके द्वारा अनुरक्षित और बैठक के सभापति द्वारा हस्ताक्षरित कार्यवृत्त पुस्तिका में तैयार की जायेगी और बैठक के पश्चात् इसका परिचालन सदस्यों को यथाशीघ्र किया जायेगा और उसे पुष्टिकरण हेतु विद्या परिषद् के समक्ष उसकी अगली बैठक में रखा जायेगा, और य

(5) इस विनियमावली में स्पष्ट रूप से अनुपबंधित मामले में विद्या परिषद् के कार्य के संव्यवहार के लिए किसी मामले के सम्बन्ध में अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया विषयक सभापति का विनिश्चय अंतिम होगा।

अध्याय छः

वित्त समिति

धारा 21(1)(घ) और धरा 41(1)(ख) 17 **(क) वित्त समिति के गठन से सम्बन्धित विषय:**

(1) धारा 21(1) (घ) के अधीन नाम निर्दिष्ट सदस्य की पदावधि उसके शासी निकाय की सदस्यता से प्रवरित हो जाने पर तुरन्त समाप्त हो जायेगी ;

(2) वित्त समिति में किसी रिक्ति (पदेन सदस्य से भिन्न अन्य सदस्य) जो हुई हो या जिसके होने की संभावना हो, के संबंध में धारा 21 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) के अनुसार शासी निकाय के सदस्य के नाम निर्देशन के लिए निदेशक द्वारा शासी निकाय को शीघ्रता पूर्वक सूचित किया जायेगा;

(3) पदेन सदस्य से भिन्न किसी सदस्य की आकस्मिक रिक्ति, धारा 21 की उपधारा (1) की खण्ड (घ) के उपबंधों के अनुसार नाम निर्देशन द्वारा भरी जायेगी;

(4) पद छोडने वाला कोई सदस्य उस पद पर तब तक बना रहेगा जब तक कि उसके स्थान पर किसी सदस्य के रूप में अन्य व्यक्ति को नाम निर्दिष्टि न कर दिया जाय ।

(5) यदि कोई रिक्ति छः मास से अधिक अवधि तक न भरी जाय तो इस तथ्य की ओर अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट किया जाय।

धारा–41 (1)(ड़.)

(ख) वित्त समिति की कार्य संचालन की प्रकिया

(1) वित्त समिति अपने कार्य के संव्यवहार के लिए उतनी बार जितना कि निदेशक द्वारा आवश्यक समझा जाय, किन्तु त्रैमास में कम से कम एक बार संस्थान के परिसर में या ऐसे स्थान दिनांक और समय पर जैसा कि सभापति द्वारा नियत किया जाय बैठक करेगी;

(2) सभापति और सदस्य सचिव सहित वित्त समिति के कुल सदस्यों के अनधिक आधे सदस्यों से कार्यभार के संव्यवहार के लिए गणपूर्ति गठित होगी और यदि कोई गणपूर्ति न हो तो बैठक स्थगित कर दी जायेगी;

(3) निदेशक वित्त समिति की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करेगा;

(4) किसी संकल्प, प्रस्ताव या कार्यवार के अन्य विषय, जिनके सम्बन्ध में पूर्व सूचना न दी गई हो को सभापति की विशेष अनुमति के सिवाय वित्त समिति के समक्ष नहीं लाया जायेगा;

(5) वित्त समिति की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियों की कार्यवृत्त की रूपरेखा, सचिव द्वारा उक्त प्रयोजनार्थ उसके द्वारा अनुरक्षित और बैठक के सभापति द्वारा हस्ताक्षरित कार्यवृत्त पुस्तिका को बैठक के पश्चात यथासंभव शीघ्र परिचालित की जायेगी और उसे पुष्टिकरण हेतु वित्त समिति के समक्ष उसकी अगली बैठक में रखा जायेगा;

(6) इस विनियमावली में स्पष्ट रूप से अनुबंधित मामलों में वित्त समिति के कार्य के संव्यवहार के लिए किसी मामले के सम्बन्ध में अनुसरित की जाने वाली प्रकिया विषयक सभापति का विनिश्चय अंतिम होगा।

अध्याय सात

समितियां और परिषदों

सामान्य धारा 41(1)(ख) और 41(1)(ड.)

18 (1) शासी निकाय अपने सामान्य नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अध्यधीन, स्वयं समीक्षा की शर्तो सहित ऐसी शर्तो और सीमाओं, जैसा कि आदेश में विनिर्दिष्ट किया जाय, के अध्यधीन अधिनियम के अधीन किसी समिति या परिषद् या अपने द्वारा नियुक्त अन्य निकाय को अधिनियम के अधीन अपनी ऐसी शक्तियों और कर्तव्यों, जैसा कि वह उचित समझें को प्रत्यायोजित कर सकता है;

(2) शासी निकाय अधिनियम के अधीन अपनी शक्तियों के प्रयोग या अपने कर्तव्यों एवं कृत्यों के निर्वहन के दौरान उठने वाले किसी प्रश्न को, समुचित समिति या परिषद् या अन्य निकाय जिसे वह नियुक्त करे, को संदर्भित कर सकता है और जहां इस प्रकार संदर्भित किया जाय वहां शासी निकाय उस पर कोई विनिश्चय करने के पूर्व समिति या परिषद् या उस निकाय की रिर्पोट, संस्तुतियों और सुझावों पर विचार करेगा य

(3) शासी निकाय द्वारा गठित कोई समिति या परिषद् या निकाय, केवल ऐसी शक्तियों और कृत्यों का प्रयोग करेगा जो उसे शासी निकाय द्वारा अपने नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अध्यधीन तथा ऐसी सीमाओं और निर्बंधनों, जैसा कि शासी निकाय द्वारा अधिरोपित किया जाय, के अध्यधीन समनुदेशित किये जाये;

(4) किसी समिति या परिषद् या निकाय की बैठक में समस्त प्रश्नों का विनिश्चय, बैठक के उपस्थित सदस्यों के बहुमत द्वारा किया जायेगा और मतो के बराबर होने की स्थिति में बैठक की अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति के पास द्वितीय या निर्णायक मत होगा।

चिकित्सालय परिषद् धारा 41(1)(ख) और 41(1)(ड.)

19 (1) संस्थान के चिकित्सालय के रोगी देखभाल और चिकित्सालय के कृत्यों से सम्बंधित मामलों में संस्तुतियॉ करने के लिए एक चिकित्सालय परिषद् होगा,

(2) शासी निकाय चिकित्सालय परिषद् को उसके नियंत्रण के अधीन और ऐसे परिसीमन और निर्बन्धनों के अधीन जैसा यह अधिरोपित करना उचित समझे, रोगी देखभाल से

सम्बंधित कतिपय विनिर्दिष्ट मामलों में और चिकित्सालय के प्रबंधन से सम्बंधित विनिश्चय करने के लिए शक्ति भी समनुदेशित कर सकता है।

(3) चिकित्सालय परिषद् में निम्नलिखत सदस्य होंगे; अर्थात् :–

निदेशक, जो चिकित्सालय परिषद् का सभापति होगा;

(क) अपर निदेशक;

(ख) संकायाध्यक्ष;

(ग) एक आचार्य;

(घ) एक अपर आचार्य;

(ड.) एक सह आचार्य;

(च) एक सहायक आचार्य।

उपरोक्त (ग) से (च) के सदस्यों का नाम निर्देशन, निदेशक द्वारा दो वर्ष के लिए ज्येष्ठता कम में चकानुकम से किया जायेगा;

(क) वित्त अधिकारी;

(ख) संयुक्त निदेशक (प्रशासन);

(ग) महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा, उत्तर प्रदेश;

(घ) निदेशक/अध्यक्ष बलरामपुर चिकित्सालय, लखनऊ;

(ड.) मुख्य परिचर्या अधिकारी/संस्थान का परिचर्या अधीक्षक;

(च) विभागाध्यक्ष, औषधि, छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ;

(छ) विभागाध्यक्ष, शल्य चिकित्सा, छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊय

(ज) एक सदस्य उपभोक्ता फोरम;

(झ) प्रमुख सचिव, विधि विभाग द्वारा नाम निर्दिष्ट किये जाने हेतु विशेष सचिव, विधि विभाग, उ0प्र0 शासन;

(ञ) संस्थान निकाय का एक सदस्य, जो संसद/उत्तर प्रदेश की विधान सभा या विधान परिषद् का सदस्य हो, जो अध्यक्ष द्वारा नाम निर्दिष्ट किया गया हो;

(ट) चिकित्सा अधीक्षक, जो चिकित्सालय परिषद् का सदस्य सचिव होगा।

(4) नाम निर्दिष्ट सदस्यों का कार्यकाल दो वर्षो के लिये होगा;

(5) चिकित्सालय परिषद् की बैठक वर्ष में कम से कम दो बार होगी और वह उतनी बार बैठक करेगा जितना कि निदेशक द्वारा आहूत किया जायेगा।

(6) चिकित्सालय परिषद् की बैठकों के लिए सूचना ऐसे चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी की जायेगी, जो कार्यवाही पुस्तिका में बैठक के कार्यवृत्त को भी अनुरक्षित रखेगा और कार्यवृत्त पर सभापति द्वारा हस्ताक्षर किया जायेगा।

(7) सभापति और सदस्य सचिव सहित कुल सदस्यों का 50 प्रतिशत सदस्यों से चिकित्सालय परिषद् की बैठक के लिए गणपूर्ति सृजित होगी।

(8) समस्त विनिश्चय बहुमत द्वारा किये जायेंगे और मतों के बराबर होने की दशा में बैठक के सभापति को निर्णायक मत भी देने का अधिकार होगा।

उच्च स्तरीय कय समिति 20 (1) पचास लाख से ऊपर के मूल्य वाले या शासी निकाय द्वारा समय समय पर यथा विहित पूंजीगत मदों के कय के लिए कय प्रस्ताव की संवीक्षा और परीक्षा उच्च स्तरीय कय समिति द्वारा की जाएगी, जो निम्न प्रकार गठित होगी–

(क) निदेशक, जो समिति का सभापति होगा;

(ख) सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, चिकित्सा शिक्षा विभाग या उसका नाम निर्देशिती, जो विशेष सचिव की श्रेणी से नीचे का न हो;

(ग) प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, वित्त विभाग या उसका नाम निर्देशिती, जो विशेष सचिव की श्रेणी से नीचे का न हो;

(घ) संस्थान के आचार्यों में से शासी निकाय द्वारा नाम निर्दिष्ट किये जाने वाले दो आचार्य;

(ङ) सम्बन्धित विभाग (मांगकर्ता) का विभागाध्यक्ष;

(च) संस्थान में जेष्ठतम् अभियंता ;

(छ) वित्त अधिकारी;

(ज) चिकित्सा अधीक्षक;

(झ) संयुक्त निदेशक (सामग्री प्रबंध) इस समिति का सदस्य सचिव होगा;

(2) समिति की बैठक उतनी बार होगी जितनी आवश्यक हो।

(3) समिति की बैठकें निदेशक के निदेशों पर बुलायी जाएगी।

(4) कम से कम पॉच सदस्यों के लिए जिसमें दो सरकारी नाम निर्देशितियों में से कम से कम एक और शासी निकाय के दो नाम निर्देशितियों में से एक सम्मिलित होगा, गणपूर्ति सृजित करने के लिए प्रत्येक बैठक में उपस्थित होना आवश्यक है।

चिकित्सालय परिकामी निधि

धारा 20 (4) 41 (1) (ख) और 41 (1) (ड.)

21 (1) औषाधियों, दवाइयों, रोगाणुनाशकों, शल्यकिया संबंधी सामानों और बाह्य स्रोत से सेवाओं के उपापन और वितरण को व्यवहृत करने के लिए संस्थान में एक चिकित्सालय परिकामी निधि (एच0आर0एफ0) होगी।

(2) प्रबन्धन समिति द्वारा एच0 आर0 एफ0 का प्रबन्धन किया जाएगा जिसका गठन और कार्यकलाप शासी निकाय द्वारा अवधारित किया जाएगा, वित्त अधिकारी प्रबन्धन समिति का सदस्य होगा।

अन्वेषण परिकामी निधि

धारा 20 (4) 41 (1) (ख) और 41 (1) (ड.)।

22 (1) निदान रीजेन्ट्स और रसायनों, रेडियो आइसोटोप्स, ब्लड बैग्स, एक्स–रे फिल्मस, कांच और प्लास्टिक सामग्री, बिना मूल्य आधारित निःशुल्क प्रयोगशाला उपकरणों की स्थापना और अनुरक्षण के उपापन और वितरण को व्यवहृत करने के लिए संस्थान में एक अन्वेषण परिकामी निधि (आईआरएफ) होगी।

(2) प्रबन्धन समिति द्वारा आई आर एफ का प्रबन्धन किया जाएगा जिसका गठन और कार्यकलाप शासी निकाय द्वारा अवधारित किया जाएगा, वित्त अधिकारी प्रबन्धन समिति का सदस्य होगा।

शोध कोष्ठक

23 संस्थान में एक शोध कोष्ठक होगा जो संस्थान में आन्तरिक भित्ति (चित्र) और बाह्य भित्ति (चित्र) शोध प्रोजेक्ट सहित शोध कियाकलापों के लिये उत्तरदायी होगा। इसकी अध्यक्षता निदेशक द्वारा नाम निर्दिष्ट किये गये किसी ज्येष्ठ संकाय सदस्य द्वारा किया जाएगा।

परीक्षा कोष्ठक

24 संस्थान में एक परीक्षा कोष्ठक होगा जो प्रवेश परीक्षाओं के प्रबन्धन के लिए उत्तरदायी होगा। इसकी अध्यक्षता निदेशक द्वारा नाम निर्दिष्ट किये गये किसी ज्येष्ठ संकाय सदस्य द्वारा किया जाएगा और वह संकायाध्यक्ष के सीधे पर्यवेक्षण के अधीन कार्य करेगा।

पाठ्य परिषद्

धारा 20(4), (41) (1) (ख) और 41 (1)(ड.)

25 (1) अध्ययन के पाठ्यक्रमों के संबंध में संस्तुतियॉ करने, अध्यापन और शोध के मानकों के सुधार के मापदण्ड पर सलाह देने विभाग के लिए सामान्य और शैक्षणिक हित के मामलों और इसके कार्यकलापों पर विचार करने और विद्या परिषद् द्वारा इसे समनुदेशित किये गये कृत्यों को निष्पादित करने के लिए प्रत्येक विभाग में एक पाठ्य परिषद् का गठन किया जाएगा।

(2) पाठ्य परिषद् का गठन और कार्यकलाप शासी निकाय द्वारा यथा अवधारित किये जाएंगे।

शोध समिति धारा 20(4),41(1) (ख) और 41 (1) (ड.)	26	(1) संस्थान में शोध से संबंधित सभी मामले पर विद्या परिषद् को सलाह देने और विद्या परिषद् द्वारा इसे यथा समनुदेशित किये गये ऐसे कृत्यों को निष्पादित करने के लिए संस्थान में एक शोध समिति होगी । (2) शोध समिति का गठन और कार्य कलाप शासी निकाय द्वारा यथा अवधारित होगा ।
आचार नीति समिति धाराएं 20(4),41(1) (ख) और 41(1)(ड.)	27	(1) रोग विषयक और प्रयोगिक शोध अध्ययनों की आचार नीति के पहलुओं पर सलाह और निगरानी के लिए और ऐसे अन्य प्रयोजनों के लिए जैसा कि इसे विद्या परिषद् द्वारा समनुदेशित किए जाए, संस्थान में एक आचार नीति समिति होगी । (2) आचार नीति समिति का गठन और कार्यकलाप शासी निकाय द्वारा यथा अवधारित होगा ।
पशु आचार नीति समिति धाराएं 20(4),41(1) (ख) और 41(1)(ड.)	28	(1) प्रयोगात्मक शोध के लिए पशुओं के प्रयोग में आचार नीति के प्रतिफल पर सलाह और निगरानी हेतु संस्थान में एक पशु आचार नीति समिति होगी । (2) पशु आचार नीति समिति का गठन और कार्यकलाप शासी निकाय द्वारा यथा अवधारित होगा ।
पुस्तकालय समिति धाराएं 20(4),41(1) (ख) और 41(1)(ड.)	29	(1) विद्या परिषद् के अनुमोदन के अध्यधीन पुस्तकालय के प्रबन्धन हेतु नियमावली बनाने, पुस्तकों, जर्नल एवं पीरियाडिकल के कय हेतु वार्षिक अनुदान के आवंटन पर संस्तुति हेतु और ऐसे अन्य कृत्यों के निर्वहन हेतु जो कि इसे विद्या परिषद् द्वारा समनुदेशित किए जाये, विद्या परिषद् की एक स्थायी समिति जिसे पुस्तकालय समिति कहा जाये, होगी । (2) पुस्तकालय समिति का गठन और कार्यकलाप विद्या परिषद् द्वारा यथा अवधारित होगा ।
कय समिति धाराएं 13(1),13(5) 41(1)(ख) और 41(1)(ड.)	30	(1) सामग्रियों के कय के लिए सभी प्रस्तावों की बजट की सीमा के भीतर और मुख्य सामग्री के लिए एक बार में 20 (बीस) लाख से अनाधिक कयों पर सलाह और संवीक्षा के लिए निदेशक एक कय समिति का गठन करेगा । (2) समिति वित्त अधिकारी और संयुक्त निदेशक (सामग्री प्रबन्धन) को मिलाकर कम से कम पॉच सदस्यों से मिलकर बनेगी । समिति के शेष सदस्यों का नाम निर्देशन निदेशक द्वारा संकाय सदस्यों और संस्थान के अधिकारियों में से किया जायेगा । (3) समिति का सभापति (ज्येष्ठ आचार्य की श्रेणी से अन्यून) का नाम निर्देशन निदेशक द्वारा समिति के सदस्यों में से किया जायेगा । (4) संयुक्त निदेशक (सामग्री प्रबन्धन) समिति का सदस्य सचिव होगा । (5) वित्त अधिकारियों को सम्मिलित करते हुए तीन सदस्यों से समिति की गणपूर्ति मानी जायेगी । (6) समिति की बैठक में मांगकर्ता विभाग/ अनुभाग के अध्यक्ष को भी आमंत्रित किया जायेगा और वह चर्चा/बहस में भाग ले सकेगा और उसे मात्र उस मांगपत्र के संबंध में मत देने का अधिकार होगा । (7) समिति संस्थान के परिसर में अथवा ऐसे स्थान, दिनांक और समय पर जैसा सभापति द्वारा नियत किया जाय प्रायः उतनी बैठकें करेंगी, जितनी कि समिति के सभापति द्वारा आवश्यक समझी जाये । (8) निदेशक द्वारा नाम निर्दिष्ट सदस्य दो वर्षो की अवधि के लिए पदधारित करेंगे और व पुनर्नाम निर्देशन के लिए पात्र होंगे । (9) समिति की संस्तुतियॉ वित्त समिति की सलाह शासी निकाय द्वारा समय–समय पर यथाविनिश्चित अग्रता प्रक्रिया किए जाने हेतु निदेशक के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी ।

(10) रू0 20 (बीस) लाख से अधिक और रू0 50(पचास) लाख तक के कयों के लिए कय समिति की अध्यक्षता निदेशक द्वारा की जायेगी ।

छात्रों के लिए अनुशासनिक समिति

धाराएं 13(1),13(2) 13(2)(ग),13(5) 41(1)(ख), 41 (1)(ङ)

31 छात्रों में अनुशासन बनाए रखने और किसी छात्र द्वारा अनुशासन तोड़ने की शिकायतों पर पूछताछ के लिए निदेशक एक अनुशासनिक समिति की नियुक्ति करेगा, जो ऐसे अन्य कृत्यों की निर्वहन करेगी औरे ऐसे शाक्तियों का प्रयोग करेंगी जो समय–समय पर निदेशक द्वारा ऐसे समनुदेशित की जाय यह समिति संकायाध्यक्ष को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी ।

चिकित्सा परिषद् धारा 41 (1)

32 चिकित्सा विशेषज्ञों और निदेशक द्वारा नाम निर्दिष्ट एक सभापति से मिलकर बनी एक चिकित्सा परिषद् होगी । चिकित्सा परिषद्, परिषद् को संदर्भित किए गये मामलों पर सक्षम प्राधिकारी को सलाह देगी ।

33 जब तक इस अध्याय में विनिर्दिष्ट विनियमावली के अनुसार परिषदें, समितियों अथवा निकायों का गठन नहीं किया जाता है तब तक इस विनियमावली के तत्काल प्रारम्भ के पूर्व विद्यमान समितियों परिषदें और निकाय, चाहें वे इस नाम से अथवा भिन्न नाम से गठित किए गये हों और अधिक या कम समान कृत्यों का निर्वहन कर रहें हों, कार्य करते रहेंगे ।

धाराएं 13(1), 13(2), 13(5) और 41(1)(ख)

34 निदेशक अधिनियम के अधीन अपनी शाक्तियों के प्रयोग करने में सलाह देने और सहायता करने के लिए और अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए किसी अन्य सलाहकारी अथवा अन्य समिति को नियुक्त कर सकता है और ऐसी समिति को नियुक्त कर सकता है और ऐसी समिति अपनी संस्तुतियों अथवा रिपोर्ट निदेशक को प्रस्तुत करेगी ।

अध्याय – आठ

शासी निकाय के सभापति और उपसभापति की शक्तियों और कर्तव्य

धाराएं 41(झ)(छ)

35 शासी निकाय के सभापति की शाक्तियों और कर्तव्य :

जैसा कि एस.जी.पी.जी.आई.एम.एस. अधिनियम, 1983 में अभिकथित हों ।

धाराएं 41(झ)(छ)

36 शासी निकाय के उपसभापति की शाक्तियों और कर्तव्य :

जैसा कि एस.जी.पी.जी.आई.एम.एस. अधिनियम, 1983 में अभिकथित हों ।

अध्याय–नौ

शासी निकाय और अन्य समितियों और निकायों के सभापति और सदस्यों को भुगतान किये जाने वाले भत्ते

धारा 41(1)(घ)

37 (1) इस विनियमावली के अध्याय पॉच, छः और सात में विनिर्दिष्ट शासी निकाय, और अन्य परिषदो समितियों और निकायों के सभापति और सदस्यों को यात्रा या दैनिक भत्ते या उपविनियम (2) से (4) तक में यथा विनिर्दिष्ट दैनिक भत्तों के बदले में ऐसी धनराशि के सिवाय कोई वेतन, फीस, पारिश्रमिक या अन्य भत्ते नहीं मिलेंगे ।

(2) शासी निकाय और उप विनियम (1) में विनिर्दिष्ट अन्य परिषद् और समिति के सभापति और सदस्यों को यदि वह केन्द्र या राज्य सरकार के अधिकारी हों, संस्थान द्वारा यात्रा और दैनिक भत्ता उस दर से दिया जायेगा जो उन्हें केन्द्र या राज्य सरकार के अधिकारियों के रूप में अनुमन्य हो ।

(3) शासी निकाय और उप विनियम (2) में उल्लिखित परिषद् और समिति से भिन्न उपविनियम (1) में विनिर्दिष्ट अन्य परिषद् और समिति के सभापति और सदस्यों की दशा में, यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते का भुगतान ऐसी दर से किया जायेगा, जिसके लिए वह उस संस्थान या संगठन के, जिनमें वह कार्य कर रहे हो, नियमों के अनुसार हकदार हों;

परन्तु, ऐसे व्यक्ति, जो उपविनियम (1) में यथाविनिर्दिष्ट किसी निकाय या समिति या परिषद् की बैठक में उपस्थित होने के लिए स्वयं अपने संस्थान या संगठन से यात्रा भत्ते या दैनिक भत्ते का आहरण करें, इय प्रयोजन के लिए संस्थान से यात्रा भत्ता या दैनिक भत्ता पाने के हकदार नहीं होंगे ।

(4) यदि ऐसे व्यक्ति इस संस्थान के हों तो उन्हें यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता तत्समय प्रवृत्त नियमों के अनुसार मिलेगा ।

(5) यदि किसी विशेषज्ञ या गैर सरकारी व्यक्ति को उपर्युक्त उपविनियम (1) में यथाविनिर्दिष्ट निकाय, परिषद् या समिति की किसी बैठक में ऐसे निकाय, परिषद् या समिति के सदस्य के रूप में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाय तो उसे रू0 1000.00 या ऐसी अन्य धनराशि का जो इस प्रयोजन और यात्रा भत्ता के लिए शासी निकाय द्वारा निश्चित की जाय, मानदेय भुगतान किया जायेगा, किन्तु उसे दैनिक भत्ता देय नहीं होगा,

परन्तु, संसद और राज्य विधान मण्डल के सदस्य संस्थान की बैठक में उपस्थिति होने के लिए रेल या बस के किराये का हकदार नहीं होगा, यदि वह ऐसी यात्रा के लिए रेलवे कोच या बस के पास का उपयोग करने का हकदार हो ।

धारा 41(1)(घ) 38 संस्थान के अधिकारियों, संकाय के सदस्यों और कर्मचारियों के चयन के लिए अधिनियम या इस विनियमावली के अधीन गठित चयन समिति के सभापति और सदस्यों को भुगतान किये जाने वाले भत्ते ऐसे होंगे जो शासी निकाय द्वारा समय समय पर अवधारित किये जाय ।

अध्याय – दस

पदों का वर्गीकरण और नियुक्तियाँ

भाग–एक (सामान्य)

39 (1) संस्थान के कर्मचारिवर्ग कार्मिक अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–15/140/84–का–1/03, दिनांक 07 अक्टूबर 2003 में वर्गीकृत किये गये और जैसा सरकार द्वारा समय–समय पर वर्गीकृत किया जाय, वेतन के आधार पर समूह क (श्रेणी एक), ख (श्रेणी दो), ग (श्रेणी तीन) एवं घ (श्रेणी चार) में वर्गीकृत किये गये है।

(2) शासी निकाय समय समय पर, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्वानुमोदन से चाहे स्थायी या अस्थायी नए या अतिरिक्त पदों का सृजन कर सकता है, तथापि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली से समकक्षता बनाई रखी जाएगी ।

धारा 41(1)(च) और धारा 41(1)(ट) 40 (1) शासी निकाय द्वारा विद्यमान पदो के लिये इन अर्हताओं और अनुभवों को पुनरीक्षित किया जा सकता है और किन्ही अन्य नए पदों, जो जहाँ लागू हो, भारतीय चिकित्सा परिषद् के मानकों के अधीन रहते हुए, राज्य सरकार के अनुमोदन से सृजित किये जाये, के संबंध में इन्हें विहित कर सकता है ।

(2) पात्र अभ्यर्थियों की, आवेदन की प्राप्ति हेतु नियत अंतिम दिनांक या विज्ञापन में इस प्रयोजनार्थ विनिर्दिष्ट दिनांक को विहित अर्हता अवश्य होनी चाहिये ।

(3) राज्य सरकार की आरक्षण नीति लागू होगी ।

आयु धारा 41(1)(ट) 41 सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी को किसी पद हेतु विनियमों में यथा विहित आयु संबंधी अपेक्षाओं को पूर्ण करना आवश्यक होगा ;

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों, जो सरकार द्वारा समय समय पर अधिसूचित की जाय के लिये अधिकतम आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय ।

नागरिकता 42 संस्थान में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी को भारत का नागरिक होना या उस श्रेणी का होना आवश्यक है जो सरकारी सेवाओं में नियुक्ति हेतु पात्र होने के लिये सरकार द्वारा समय समय पर अधिसूचित किया जाय ।

चरित्र 43 संस्थान में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये चयनित अभ्यर्थी को दो राजपत्रित अधिकारियों से अच्छे चरित्र और आचरण का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा । नियुक्ति प्राधिकारी सरकारी तंत्र के माध्यम से भी अभ्यर्थी के चरित्र का सत्यापन करायेगा।

वैवाहिक प्रास्थिति 44 ऐसा पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियॉ जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी; जिसने ऐसे व्यक्ति से शादी की हो जिसकी पहले ही से एक पत्नी जीवित हों, संस्थान में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगे ;

शारीरिक स्वस्थता : 45 (1) कोई अभ्यर्थी संस्थान में किसी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा जब तक कि वह मानसिक और शारीरिक दृष्टि से पूर्णतया स्वस्थ न हो और किसी ऐसे शारीरिक दोष से युक्त न हो जिससे उसके कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में कोई बाधा पड़ने की सम्भावना हो ।

(2) किसी अभ्यर्थी का संस्थान में नियुक्ति के लिये अनुमोदन किये जाने के पूर्व उससे निदेशक द्वारा गठित किये जाने वाले चिकित्सा परिषद् द्वारा चिकित्सा परीक्षण कराने की अपेक्षा की जायेगी ।

परिवीक्षा 46 (1) सीधी भर्ती द्वारा किसी स्थायी रिक्ति के प्रति किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्ति व्यक्ति को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रखा जाएगा ।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से जो अभिलिखित किये जायेंगे, अलग–अलग व्यक्तियों के मामलों में परिवीक्षा की अवधि को बढ़ा सकता है जिसमें यह विनिर्दिष्ट किया जायेगा कि किस दिनांक तक परिवीक्षा की अवधि बढ़ाई गई है; परन्तु बढाई गई अवधि किसी भी परिस्थिति में एक वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(3) परिवीक्षा अवधि को बढ़ाये जाने का आदेश परिवीक्षा की मूल अवधि के समाप्त होने के पूर्व जारी किया जायेगा, यदि ऐसा आदेश परिवीक्षा की मूल अवधि के समापन के पूर्व जारी नहीं किया जाता है तो व्यक्ति द्वारा परिवीक्षा अवधि को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया मान लिया जाएगा ।

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति जिसे प्रत्यावर्तित कर दिया जाय या जिसकी सेवायें समाप्त कर दी जाय, किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा ।

(5) किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति की परिवीक्षा अवधि तभी सफलतापूर्ण मानी जायेगा, यदि;

(क) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक पाया जाय;

(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाय, और य

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाये कि उसे अन्यथा रूप से परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक और संतोषजनक रूप से पूर्ण करली है ।

स्थायीकरण 47 किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति के परिवीक्षा अवधि या बढाई गई परिवीक्षा अवधि के समापन पर उसे पद पर स्थायी कर दिया जाएगा ।

परिवीक्षा अवधि में वेतन 48 किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को उसके वेतनमान में वेतनवृद्धि तभी दी जायेगी जब कि उसने परिवीक्षा अवधि या बढाई गई परिवीक्षा अवधि यदि कोई सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली हो और उसे ऊपर उपबंधित रूप से स्थायी भी कर दिया गया हो । बढाई गई परिवीक्षा अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिये नही की जायेगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दे ।

सेवा पुस्तिका 49 संस्थान के प्रत्येक कर्मचारी के संबंध में ऐसे ब्यौरों और विवरणों के साथ जैसा विहित किये जाये एक सेवा पुस्तिका रखी जाएगी ।

चरित्र पंजी 50 (1) प्रत्येक गैर संकायी कर्मचारी के लिये प्रत्येक वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन में उनके कार्य, मूल्यांकन, आचरण और सत्यनिष्ठा अभिलिखित की जाएगी। यह प्रतिवेदन (रिपार्ट) कर्मचारी के तात्कालिक पर्यवेक्षक द्वारा आरम्भ की जाएगी और विभागाध्यक्ष द्वारा अंतिमीकृत की जाएगी । समूह "घ" कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट उनके अपने विभागाध्यक्ष या संस्थान के संबंधित अनुभाग के प्रधान द्वारा स्वीकार की जाएगी, और समूह "ग" और "ख" कर्मचारियों की निदेशक द्वारा और समूह "क" कर्मचारियों की अध्यक्ष द्वारा स्वीकार की जाएगी ।

(2) जहाँ तक हो सके किसी कर्मचारी की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट 30 अप्रैल के पूर्व आरम्भ कर दी जाएगी और सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रत्येक वर्ष के 31 मई तक अंतिमीकृत (पूर्ण) कर दी जाएगी ।

धारा 41(1)(ट) 51 (1) यदि किसी कर्मचारी को वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि में प्रतिकूल मूल्यांकन दिया गया है तो प्रविष्टि के पूर्ण किये जाने के 2 माह के भीतर उसे पूर्ण प्रविष्टि से, अर्थात् प्रारम्भवर्ती अधिकारी के द्वारा अभिलिखित अभ्युक्ति से तथा साथ ही स्वीकर्ता प्राधिकारी द्वारा दी गई अंतिम प्रविष्टि से अवगत कराया जाएगा, और कर्मचारी द्वारा उसे संसूचित किये जाने के दिनांक से 3 माह की अवधि के भीतर प्रतिकूल प्रविष्टि के विरूद्ध प्रत्यावेदन दिया जा सकता है ।

(2) विभागाध्यक्ष द्वारा स्वीकृत प्रविष्टियों की दशा में निदेशक को, निदेशक द्वारा पूर्ण (अंतिमीकृत) की गई प्रविष्टियों की दशा में अध्यक्ष को और अध्यक्ष द्वारा पूर्ण (अंतिमीकृत) की गई प्रविष्टियों की दशा में कुलाध्यक्ष को प्रत्यावेदन दिये जाएगें।

(3) प्रतिकूल प्रविष्टि के विरूद्ध प्रत्यावेदन प्राप्ति करने वाला प्राधिकारी उसे श्रेष्ठता (गुणावगुण) के आधार पर विचार करेगा और प्रत्यावेदन प्राप्ति के दिनांक से तीन माह के भीतर उस प्रत्यावेदन पर निर्णय लेगा और निर्णय को कर्मचारी को संसूचित करेगा ।

(4) उपविनियम (1) के अधीन किसी कर्मचारी को संसूचित नहीं की गई प्रतिकूल अभ्युक्ति या जिसके विरूद्ध उपर्युक्त विनियम के अधीन कोई प्रत्यावेदन लंबित है, उसके विरूद्ध प्रयोग नहीं किया जाएगा ।

नियुक्ति प्राधिकारी 52 आचार्यो, अपर आचार्यो, सहयुक्त आचार्यो, सहायक आचार्यो और सभी समूह "क" पदो के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी अध्यक्ष होगा । समूह "ख" "ग" और "घ" पदो के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी निदेशक होगा ।
धारा 22(1),22(2) और 41(1)(ट)

आरक्षण 53 अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के लिये आरक्षण, भर्ती के समय प्रवृत्त अधिनियम और सरकार के आदेश के प्राविधानों के अनुसरण में होगा। संकाय सदस्यों की भर्ती में आरक्षण समान प्रास्थिति, वेतन और योग्यता/अर्हता के आधार पर संवर्ग को अवधारित करने के पश्चात् लागू होगा।
धारा 41(1)(ट)

भाग–दो

संकाय सदस्यों की नियुक्ति

धाराएं 19(1)(ञ) 54 (1) विद्या परिषद् की सलाह पर शासी निकाय समय–समय पर नये विभाग या अन्य विशिष्टताएं स्थापित कर सकता है अथवा किसी विभाग का पुनर्गठन कर सकता है ।

(2) प्रत्येक विभाग के भीतर आचार्यो, अपर आचार्यो, सह आचार्यो और सहायक आचार्यो के पद अलग–अलग संवर्ग में गठित किए जाएगें ।

नियुक्ति 55 (1) आचार्यो, अपर आचार्यो और सह आचार्यो के पदों पर भर्ती पदोन्नति निर्धारण अथवा सीधी भर्ती के माध्यम से योग्यता के आधार पर की जायेगी । (2) सहायक आचार्य के पद पर भर्ती सीधी भर्ती द्वारा योग्यता के आधार पर की जायेगी ।
धारा 22(1) और 41(1)(ट)

चयन समिति के लिए विशेषज्ञों का नाम निर्देशन 56 (1) प्रत्येक विभाग में विशेषज्ञों का एक पैनल पाठ्य परिषद् द्वारा तैयार किया जायेगा और विद्या परिषद् द्वारा अनुमोदित किया जायेगा ।

धाराएं 22(5), 22(6)और 41(1)(ट)

(2) सीधी भर्ती अथवा निर्धारण पदोन्नति के लिए विज्ञापन के सापेक्ष प्रत्येक विभाग में, निदेशक विशेषज्ञों के पैनल से छः अथवा अधिक नाम कुलाध्यक्ष को अनुमोदन के लिए भेजेगा,

(3) कुलाध्यक्ष विशेषज्ञों के पैनल में ऐसे उपान्तरण और परिर्धन कर सकता है जिन्हें वह उचित समझे और प्रत्येक उपान्तरित सूची से चयन सूची के लिए विशेषज्ञों को नाम निर्दिष्ट लेगा ।

निर्धारण पदोन्नति धाराएं 22(1), 41(1)(ड.) और 41(1)(ट)

57 संकाय सदस्यों के लिए निर्धारण पदोन्नति योजना अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस), नई दिल्ली में जो प्रचलित है, यथावत् लागू होगी ।

भाग–तीन

संकाय से भिन्न पदों पर नियुक्ति

साधारण धारा 22(2) और 41(1)(ट)

58 (1) इस अध्याय के उपबंध जूनियर और सीनियर रेजीडेन्ट्स और अनुसंधान परियोजनाओं में नियोजित कर्मचारियों पर, जिन पर भाग–चार के उपबंध प्रवृत्त होते हैं, पर प्रवृत्त नहीं होते हैं ।

(2) समूह "क" के पदों पर भर्ती सीधी भर्ती के रूप में या प्रतिनियुक्ति पर होगी ।

(3) समूह "ख" और "ग" के पदों पर भर्ती या तो सीधी भर्ती से या संस्थान के कर्मचारियों में से पदोन्नति द्वारा या सीमित विभागीय प्रतियोगिता से होगी ।

(4) समूह "घ" के पदों पर भर्ती सीधी भर्ती के रूप में होगी ।

सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति धारा 22(1),22(2) और 41(1)(ट)

59 इस विनियमावली के अधीन भर्ती का चयन यथा आवश्यकतानुसार किया जायेगा,

धारा 22(1),22(2) और 41(1)(ट)

60 वह अभ्यर्थी जो किसी पद के लिए न्यूनतम अर्हता और अनुभव नहीं रखता है जैसा कि राज्य या केन्द्र सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट और मान्यता है या जिन्हें समय–समय पर संस्थान के शासी निकाय द्वारा निर्धारित किया गया है चाहे इस विनियमावली के प्रारम्भ के समय विद्यमान हो या भविष्य में सृजित की जाए, किसी ऐसे पद पर पदोन्नति के लिए अर्ह नहीं होगा, न ही वह सीधी भर्ती द्वारा या सीमित विभागीय प्रतियोगिता द्वारा या किसी भी रीति से ऐसे पद के लिए इस विनियमावली के प्रारंभ के पश्चात् पद के लिए अपेक्षित विहित अर्हता और अनुभव के बिना अर्ह नहीं होगा ।

धारा 22(1),22(2) और 41(1)(ट)

61 (1) समूह "क" की सीधी भर्ती के प्रयोजन के लिए कार्यपालक कुलसचिव के पद के सिवाय, संकाय में भिन्न पदो के लिए चयन समिति का गठेन किया जाएगा जिसमें निम्नलिखित होंगे :

(एक) निदेशक, जो समिति का सभापति होगा;

(दो) अपर निदेशक;

(तीन) संकायाध्यक्ष;

(चार) संबंधित विभाग/अनुभाग का विभागाध्यक्ष;

(पॉच) अध्यक्ष द्वारा नाम–निर्दिष्ट दो विशेषज्ञ;

(छः) दो अधिकारी, जो कि उस पंक्ति से जिसके लिए चयन हो रहा है, उच्चतर पंक्ति के होंगे, उन्हें नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जाएगा, जिसमें से एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और दूसरा पिछड़ी जाति का होगा ।

(2) विशेषज्ञों के नाम–निर्देशन के लिए, निदेशक अध्यक्ष को विशेषज्ञों के पॉच नाम भेजेगा जो विशेषज्ञों के नामों का नाम निर्देशन करने के पूर्व सूची में वृद्धि या संशोधन कर सकते हैं ।

धारा 22(1), 22(2) और 41(1)(ट) 62 समूह "ख", "ग" और "घ" के संकाय से भिन्न पदो के लिये सीधी भर्ती के प्रयोजन के लिए, निदेशक चयन समितियों का गठन करेगा जिसमें निदेशक द्वारा नाम निर्दिष्ट किए जाने वाले उस विषय के दो विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे और संबंधित विभाग, अनुभाग के विभागाध्यक्ष होंगे ।

धारा 22(1), 22(2) और 41(1)(ट) 63 इस विनियमावली में विनिर्दिष्ट किसी चयन समिति की कुल सदस्यता का बहुमत ऐसी समिति की गणपूर्ति से होगा, परन्तु नामनिर्दिष्ट दो विशेषज्ञों में से कम से कम एक उपस्थित हो चयन समिति द्वारा की गई कोई भी संस्तुति तब तक विधिमान्य नहीं होगी जब तक कि बैठक में उपस्थित सदस्यों के बहुमत से समर्थित न हो ।

64 चयन समिति द्वारा तैयार सूची संस्तुति के दिनांक से एक वर्ष के लिए विधिमान्य रहेगी

पदोन्नति द्वारा नियुक्ति 65 (1) पदोन्नति द्वारा नियुक्ति एम्स, नई दिल्ली में लागू सी.सी.एस. नियमावली में विहित प्रकिया के अनुसार की जाएगी।

धारा 22(1), 22(2) और 41(1) और 41 (1) (ट) (2) पदोन्नति के लिए विचार किए जा रहे अभ्यर्थी की पात्रता ऐसी होगी जिसे अध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जा सके और संबंधित वर्ष की 01 जुलाई को पूर्ण होनी चाहिए ।

(एक) संस्थान में किसी पद के लिए अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए योग्यता एवं ज्येष्ठता या ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा भर्ती इस प्रयोजन के लिए गठित विभागीय पदोन्नति समिति के माध्यम से पात्र व्यक्तियों में से की जायेगी। इस मामले में समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिए मानदण्ड) नियमावली 1994 लागू होगी।

(दो) समूह "क" संकाय से भिन्न पदो के संबंध में अध्यक्ष ऐसी विभागीय पदोन्नति समिति का गठन करेगा जिसमें उस विषय के दो विशेषज्ञ और संबंधित विभाग/अनुभाग का विभागाध्यक्ष सदस्य के रूप में और निदेशक सभापति के रूप में होगा।

(तीन) समूह "ख", "ग" और "घ" संकाय से भिन्न पदो के संबंध में निदेशक ऐसी विभागीय पदोन्नति समिति का गठन करेगा जिसमें दो विषय विशेषज्ञ और संबंधित विभाग/अनुभाग के विभागाध्यक्ष होंगे ।

(चार) उपर्युक्त विभागीय पदोन्नति समिति में अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़े वर्ग का एक-एक सदस्य होगा ।

मुहरबंद प्रकिया 66 (1) किसी कर्मचारी के मामले में :-

धारा 22(1), 22(2) और 41(1)(घ), 41(1)(ट) (क) जिसके विरूद्ध इस अर्थ में अनुशासनिक कार्यवाही लंबित है कि उसे आरोप पत्र दे दिया गया है या ;

(ख) जिसके विरूद्ध आपराधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है अर्थात् दंड न्यायालय के समक्ष आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है उचित समय पर संबंधित विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा पदोन्नति के लिए विचार किया जायेगा लेकिन समिति के निष्कर्ष को मुहरबंद लिफाफे में रखा जाएगा जिसे अनुशासनिक/न्यायालय की कार्यवाही के पश्चात् खोला जायेगा ।

(2) यदि विभागीय/न्यायालय की कार्यवाही के निर्णय पर कर्मचारी को दोषमुक्त कर दिया जाता है और उस पर किसी भी प्रकार की कोई शास्ति आरोपित नहीं की जाती है जिसमें परिनिन्दा भी सम्मिलित है; और यदि वह निलंबित है, और यह भी कहा जाता है कि निलंबन अनुचित था, मुहरबंद लिफाफे को खोला जाएगा और विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुतियों पर कार्यवाही की जाएगी और उसे उस दिनांक से काल्पनिक पदोन्नति दी जाएगी जब से उसे पदोन्नति दी गई होती जैसा कि विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा निर्धारित किया गया ।

(3) बन्द लिफाफे की कार्यवाही कार्मिक अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–13/21/89–क–1–1997 दिनांक 29 मई 1997 के अनुसार होगी।

धारा 22(1), 22(2) और 41(1)(घ), 41(1)(ट) — 67 यदि कोई शास्ति, जिसमें परिनिन्दा सम्मिलित है, अनुशासनिक कार्यवाही के परिणामस्वरूप कर्मचारी पर आरोपित की जाती है या उसे उसके विरूद्ध न्यायालय कार्यवाही में दोषी पाया जाता है, तो मुहरबंद लिफाफे/लिफाफों के निष्कर्ष पर कार्यवाही नहीं की जाएगी। तब कर्मचारी की पदोन्नति के मामले पर स्वाभाविक रूप में अगली विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा विचार किया जाएगा जिसकी बैठक सामान्य ढंग में अनुशासनिक/न्यायालय कार्यवाही के निर्णय के पश्चात् होती है। वह समिति सभी अभिलेखों पर विचार करेगी जिसमें मुहरबंद लिफाफा और अनुशासनिक/दंड कार्यवाही के परिणाम स्वरूप कर्मचारी पर अधिरोपित शास्ति भी सम्मिलित है और अपनी संस्तुति देगी।

विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुति को नियुक्ति प्राधिकारी के समक्ष रखा जाएगा जो या तो उसे स्वीकार करेगा या असहमति की स्थिति में इस विनियमावली में विहित प्रकिया का अनुकरण करेगा।

सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन योजना — 68 या तो किसी संवर्ग में या किसी समूह के एकमात्र पद के संबंध में वृद्धि रोक होने की स्थिति में, समय–समय पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में लागू सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन योजना के अनुसार लाभ दिया जाएगा।

भाग चार

रेजिडेन्ट्स और अनुसंधान कर्मचारि वर्ग का नियोजन और उनकी सेवा शर्तें

धारा 18(2), 41(1) (च) — 69 (1) संस्थान के विभिन्न विभागो और अस्पताल में कनिष्ठ और वरिष्ठ दोनों रेजीडेन्टों की संख्या का निर्धारण विभिन्न घटको पर आधारित आवश्यकता के अनुसार विद्या परिषद् के परामर्श पर समय–समय पर शासी निकाय द्वारा निर्धारित की जायगी। इन घटको में बिस्तरों की संख्या, रोगी देखभाल, कार्य की मात्रा और उपलब्ध सुविधा और संस्थान के मानक और अस्पताल की विशेष आवश्यकताओं पर विचार करना सम्मिलित है।

(2) कनिष्ठ रेजिडेन्ट और वरिष्ठ रेजिडेन्ट का चयन भारतीय चिकित्सा परिषद् के दिशा निर्देशों के अनुसार की जायेगी।

(3) वरिष्ठ रेजिडेन्ट के पद पर नियुक्ति के लिए आयु सीमा स्नातकोत्तर (एम0डी0/एम0एस0) के मामले में 33 वर्ष होगी और अशोध उपाधि (डी0एम0/एम0सी0एच0) के मामले में 35 वर्ष होगी, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडे वर्गो के अभ्यर्थियों के मामले में आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के अनुसार अन्य श्रेणियों पर छूट लागू होगी।

(4) वरिष्ठ रेजिडेन्ट की पदावधि सामान्यतः तीन वर्ष होगी जिसे विभाग से संतोषप्रद कार्य की रिपोर्ट के अधीन प्रति वर्ष बढ़ाया जायेगा।

(5) कनिष्ठ रेजिडेन्ट और वरिष्ठ रेजीडेन्ट अस्थायी कर्मचारी होंगे।

धारा 41(1) (ज) — 70 कनिष्ठ रेजिडेन्ट और वरिष्ठ रेजिडेन्ट के कर्तव्य और दायित्व समय–समय पर निदेशक/विभागाध्यक्ष द्वारा यथा निर्धारित होंगे। उनसे वह सब कार्य करने की अपेक्षा की जायेगी जो अस्पताल में रोगी देखभाल के हित में आवश्यक हो इसमें विभाग द्वारा यथा अपेक्षित काल डयूटी भी सम्मिलित है।

धारा 22(3) और 41(1) (ट) — 71 (1) समय–समय पर कर्मचारियों को संस्थान की शोध परियोजनाओं में नियोजित किया जा सकता है जिसके लिए निधि बाह्य अभिकरण से प्राप्त हुई है।

(2) उपर्युक्त प्रयोजन के लिए, परियोजना का प्रमुख अन्वेषक, जो इसका प्रभारी अधिकारी होगा, समय–समय पर निदेशक द्वारा यथा अनुमोदित भर्ती की प्रकिया प्रारम्भ करेगा

भाग पाँच

मृत कर्मचारियों के आश्रितों का नियोजन

72 उत्तर प्रदेश सरकार की सुसंगत नियमावली और विनियमावली संस्थान के मृत कर्मचारियों के आश्रितों के नियोजन के संबंध में लागू होगी।

भाग छः

वेतन निर्धारण और भत्ते

धारा 41(1) (घ) और धारा 22 (3) 73 अधिनियम, नियमावली और इस विनियमावली के उपबन्धों के अधीन रहते हुए वेतनमान, महंगाई भत्ते और अन्य भत्ते जो ज्येष्ठ आचार्य, आचार्य, अपर आचार्य,, सह–आचार्य और सहायक आचार्य को अनुज्ञेय है, ऐसे होंगे जो राज्य सरकार द्वारा घोषणा के अधीन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के संकाय के सदस्यों को समय–समय पर ग्राह्य होंगे।

धारा 41(1) (घ) और 22 (3) 74 इस विनियमावली के उपबन्धों के अधीन रहते हुए वेतनमान, महंगाई भत्ते और सभी अन्य भत्ते जो संस्थान के गैर संकायी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ग्राहय होगा जो समूह–क, ख, ग और घ (जो प्रतिनियुक्ति पर हैं, के सिवाय) राज्य सरकार द्वारा समय समय पर घोषणा के अधीन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के अनुसार ग्राहय होगा।

धारा 41 (1) (घ) और धारा 22 (3) 75 (1) यदि ऐसे आवास की सुविधा उपलब्ध हो तो संकाय सदस्यों और अन्य कर्मचारियों के अनुज्ञप्ति शुल्क के भुगतान पर संस्थान के परिसर में असज्जित आवास की प्रसुविधा दी जायेगी।

यदि ऐसे आवास की सुविधा उपलब्ध न हो तो संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को अखिल भारतीय अनयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में ग्राहय केन्द्रिय सिविल सेवा नियमों के अनुसार मकान किराये भत्ते के लिए हकदार होंगे।

(2) असाधारण छुटटी सहित छुटटी के अवधि के लिए संकाय का कोई सदस्य या कर्मचारी से मकान के लिए अनुज्ञप्ति शुल्क प्रभार्य होगा जिसे आवास आवंटित किया गया हो, और जो ऐसी छुटटी के दौरान अपने अधिभोग में हो, ऐसी दर से देय होगा जिस दर से वह छुटटी पर किराये का भुगतान कर रहा हो।

धारा 41(1) (घ) और धारा 22 (3) 76 (1) संस्थान के कर्मचारियों को उनके चिकित्सा उपचार और उनके परिवार के ऐसे सदस्यों के, जो पूर्णतया उन पर आश्रित हो, चिकित्सा उपचार के सम्बन्ध में संस्थान उसी प्रकार की प्रसुविधाओं की व्यवस्था करेगा जो अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के इन्ही श्रेणी के कर्मचारियों को समय–समय पर उपलब्ध है।

(2) सेवानिवृति के पश्चात् भी कर्मचारी चिकित्सा उपचार के सम्बन्ध में उसी प्रकार की प्रसुविधाओं के हकदार होंगे जो अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के इन्ही श्रेणी के सेवानिवृत कर्मचारियों को उपलब्ध होगी।

(3) जब संस्थान के चिकित्सालयों में समुचित उपचार उपलब्ध न हो तब चिकित्सीय परिचर्या और उपचार की प्रतिपूर्ति की सुविधा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में सरकारी सेवको पर लागू सरकारी नियमों के अनुसार की जायेगी।

धारा 41(1) (घ) और धारा 22 (3) 77 कनिष्ठ और ज्येष्ठ रेजिडेन्ट के सिवाय समस्त ऐसे कर्मचारी जो संस्थान में कार्यभार ग्रहण करने पर केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार या उनके उपक्रम संस्था या विश्वविद्यालयों में या तो मूल रूप से या स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहे थे, संस्थान में पदग्रहण करने पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में लागू केन्द्रिय सिविल सेवा नियमों के अनुसार वेतन सुरक्षा के लिए हकदार होगा।

धारा 41(1) (घ) और धारा 22 (3) 78 वेतन का निर्धारण पदोन्नति द्वारा नियुक्ति की दशा में सुसंगत नि मों और आदेशों के अनुसार की जायेगी जैसा कि राज्य सरकार द्वारा घोषणा के अधीन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में लागू होगा।

धारा 41(1) (च) और धारा 22 (3) 79 राज्य सरकार या अर्द्धसरकारी संगठन के प्रतिनियुक्ति पर संस्थान के किसी कर्मचारी को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में लागू केन्द्रिय सिविल सेवा नियमावली के अर्न्तगत ग्राहय वेतन देने के लिए अनुमति दी जायेगी।

धारा 41(1) (च) और धारा 22 (3) 80 सेवानिवृत्त सिविल या सेवा पेन्सनर्स का वेतन निर्धारण संस्थान में उने पुनः समायोजन पर राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर उसी मामलों में जारी आदेशों पर आधारित होगा जो कुछ कर्मचारी के लिए लागू होगा जैसा की शासी निकाय द्वारा विनिश्चित हो।

महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता और अन्य भत्ते और पुनः समायोजन पेन्शनर्स की प्रसुविधा के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में लागू केन्द्रिय सिविल सेवा नियमावली के अनुसार ग्राहय होगा।

भाग सात

वार्षिक कार्य निष्पादन प्रतिवेदन वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन

धारा 41 (1) (च) और धारा 22 (3) 81 (1) प्रत्येक संकाय सदस्य के वार्षिक कार्य निष्पादन प्रतिवेदन, विभागाध्यक्ष और कर्मचारियों और समस्त अन्य अधिकारियों के वार्षिक चरित्र प्रविष्टियॉ विहित प्रपत्र पर संस्थान द्वारा अनुरक्षित किया जायेगा।

(2) संकाय सदस्य द्वारा तैयार वार्षिक कार्य निष्पादन प्रतिवेदन को विभागाध्यक्ष द्वारा अपने अभियुक्ति सहित प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा।

परन्तु विभागाध्यक्ष स्वयं द्वारा तैयार वार्षिक कार्य निष्पादन प्रतिवेदन निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा।

(3) संकाय सदस्य की दशा में प्रतिवेदन, समीक्षक और स्वीकर्ता अधिकारी कमशः विभागाध्यक्ष, निदेशक और अध्यक्ष होंगे। प्रतिकूल अभियुक्ति, प्रतिकूल प्रविष्टियों के विरूद्ध प्रत्यावेदन सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनिश्चित किया जायेगा और निर्णय संबंधित अधिकारी और प्रतिवेदक तथा समीक्षक अधिकारी को संसूचित किया जायेगा।

(4) समूह–क गैर संकायी अधिकारी की दशा में प्रतिवेदक, समीक्षक और स्वीकर्ता अधिकारी कमशः विभागाध्यक्ष, निदेशक और अध्यक्ष होंगे। प्रतिकूल अभियुक्ति/प्रतिकूल प्रविष्टियों के विरूद्ध प्रत्यावेदन सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनिश्चित किया जायगा और निर्णय संबंधित अधिकारी और प्रतिवेदक तथा समीक्षक अधिकारी को संसूचित किया जायेगा।

(5) समूह–ख, ग और घ गैर संकायी अधिकारियों, कर्मचारियों की दशा में प्रतिवेदक, समीक्षक और स्वीकर्ता अधिकारी कमशः विभागाध्यक्ष संयुक्त निदेशक (प्रशासन)/चिकित्सा अधीक्षक और निदेशक होंगे। प्रतिकूल अभियुक्तियों/प्रतिकूल प्रविष्टियों के विरूद्ध प्रत्यावेदन सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनिश्चित किया जायेगा और निर्णय संबंधित अधिकारी और प्रतिवेदक तथा समीक्षक अधिकारी को संसूचित किया जायेगा।

भाग आठ

अध्येतावृति

82 पात्रताः किसी संकाय सदस्य को साधारणतया विनियमों और शर्तो के अनुसार अध्येतावृत्ति उपभोग करने के लिए अनुमति दी जायेगी जैसा कि समय–समय पर संस्थान के शासी निकाय के निर्णय के अधीन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में संकाय सदस्य के लिए लागू होगा।

भाग नौ

धारणाधिकार

धारा 41(1) (च) धारा 22 (3) 83 अधिनियम के उपबंधों के अधीन, नियमावली और विनियमावली शासी निकाय के अनुमोदन सहित संस्थान के कोई कर्मचारी को केन्द्रिय सिविल सेवा नियमावली में अनुमति होगा। यथा उपबंधित धारणाधिकार धारण करने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में लागू होगा।

धारा 41 (1) (च) और धारा 22 (3) 84 (1) सम्बन्धित कर्मचारी को संस्थान में अपने धारणाधिकार की अवधि के दौरान संस्थान में निम्नलिखित जमा करना होगा:

(क) सामान्य भविष्य निधि;

(ख) छुटटी वेतन अंशदान, और;

(ग) पेंशन सम्बन्धी अंशदान।

(2) यदि कोई कर्मचारी जिसे अन्यत्र सेवायोजन की अनुज्ञा दी गई हो, अपने धारणाधिकार की समाप्ति के पूर्व संस्थान में कार्यभार ग्रहण करे और उसने अन्यत्र सेवा करने की अवधि के सम्बन्ध में सामान्य भविष्य निधि, छुटटी वेतन अंशदान और पेंशन सम्बन्धी अंशदान का भुगतान किया हो तो उक्त अवधि की गणना निम्नलिखित के सम्बंन्ध में की जायेगी।

(क) उसकी वार्षिक वेतन वृद्धियॉं;

(ख) पेंशन सम्बन्धी लाभ, और;

(ग) छुटटी का हक।

परन्तु सम्बन्धित कर्मचारी को अपने नियोक्ता से अन्यत्र कार्य करने की अवधि के दौरान अपनी छुटटी के हिसाब के बारे में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

अध्याय ग्यारह

आचरण और अनुशासनिक कार्यवाहियॉं और दंड

धारा 22 (3) और 41 (1) (च) 85 अनुशासनिक कार्यवाहियों और दंड प्रदान करने के लिए समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 में विहित सुसंगत प्रकिया लागू होगी।

धारा 22 (3) और 41 (1) (च) 86 इस अध्याय में उपबन्धित के अध्यधीन संस्थान के संकाय और अन्य कर्मचारियों सहित संस्थान के सभी कर्मचारियों के आचरण और व्यवहार से सम्बन्धित मामले समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली 1956 द्वारा यथावत विनियमित होंगे।

धाराएं 22 (3) और 41 (1) (च) 87 पूछताछ और शास्तियों के प्रयोजनार्थ समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के उपबंध लागू होंगे।

अध्याय बारह

छुटटी

धारा 41 (1)(च) और धारा 22 (3) 88 (1) अधिनियम, नियमावली और इस विनियमावली के उपबन्धों अधीन रहे हुये संस्थान के कर्मचारी, अधिकारी और संकाय सदस्य को ऐसी छुटिटयॉं हकदार होंगी जो अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के कर्मचारी, अधिकारी और संकाय सदस्य को अनुज्ञेय है।

(2) छुटटी केवल कर्तव्य करने से उपर्जित की जाती है। उसका अधिकार के रूप में दावा नही किया जा सकता।

(3) जब सेवा की अत्यावश्यकता से ऐसा करना अपेक्षित हो तब किसी भी प्रकार की छुटटी से, उसे स्वीकृत करने वाला सक्षम प्राधिकारी द्वारा इन्कार या उसका प्रतिसंहरण किया जा सकता है, किन्तु ऐसा प्राधिकारी देय या प्रार्थित छुटटी के प्रकार में, संस्थान के कर्मचारी के लिखित अनुरोध के सिवाय कोई परिवर्तन नहीं कर सकेगा।

(4) यदि काम पर वापस बुलाने का विकल्प हो तो कर्मचारी किसी रियायत का हकदार नही होगा, किन्तु यदि वापस बुलाना अनिवार्य हो तो उसे उस समय से काम पर समझा जायेगा जब से उसने अपनी वापसी यात्रा प्रारम्भ की हो और उसे वापसी यात्रा के लिए भत्ता दिया जायेगा।

धारा 41 (1)(च) और धारा 22 (3) 89 इस विनियमावली में अन्यथा यथा उपबन्धित के सिवाय इस विनियमावली के अधीन किसी भी प्रकार की छुटटी किसी अन्य प्रकार की छुट्टी के साथ मिलाकर या उसके अनुक्रम में स्वीकृत की जा सकती है। तथापि आकस्मिक छुट्टी को इस विनियमावली के अधीन ग्राह्य किसी अन्य प्रकार की छुट्टी से नही मिलाया जायेगा। प्रतिकरात्मक छुट्टी भी तीन दिन से आगे संचित नहीं की जायेगी या किसी अन्य प्रकार की छुट्टी से नहीं मिलायी जायेगी।

धारा 41(1) च और धारा 22 (3) 90. (1) कोई कर्मचारी एकाएक बीमार हो जाने या अत्यन्त आपात स्थिति के सिवाय, पूर्व स्वीकृति के बिना न तो आकस्मिक और न तो नियमित छुट्टी पर जायेगा। छुट्टी के प्रत्येक आवेदन–पत्र में आवेदक का पता, जिस पर जरूरत पडने की दशा में उससे सम्पर्क स्थापित किया जा सके, निरपवाद रूप से होना आवश्यक है।

(2) छुट्टी के बिना अनुपस्थिति अनुशासन का अतिलंघन करना होगा, जिसे यदि संतोषप्रद रूप से स्पष्ट न किया जाये, कदाचार समझा जायेगा।

(3) कोई कर्मचारी छुट्टी स्वीकृत करने वाले सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना स्टेशन नहीं छोडेगा।

(4) बिना वेतन के छुट्टी की अवधि देय छुट्टी का हकदार होने के प्रयोजनों के लिये काम पर न रहने की अवधि होगी।

धारा 41 (1) (च) और धारा 22 (3) 91 संस्थान के किसी कर्मचारी को जिसे सक्षम प्राधिकारी ने सेवा से पदच्युत करने, हटाने या अनिवार्य रूप में सेवानिवृत्त करने का विनिश्चय कर लिया हो या ऐसे कर्मचारी को जो निलम्बित किया गया हो, कोई छुट्टी स्वीकृत नहीं की जाएगी।

धारा 41 (1) (च) और धारा 22 (3) 92 भिन्न–भिन्न प्रकार की छुट्टी स्वीकृत करने वाला सक्षम प्राधिकारी संस्थान का ऐसा प्राधिकारी या अधिकारी होगा जिसे अनुसूची एक में विनिर्दिष्ट किया गया है।

अध्याय–तेरह

अधिवर्षिता अनिवार्य और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र

धारा 41 (1) (च) और धारा 22 (3) 93 राज्य सरकार के अनुमोदन के अध्यधीन समय–समय से संस्थान के संकाय सदस्य और कर्मचारी की अधिवर्षिता की आयु, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की तरह विद्यमान होगी।

94 (1) इस विनियमावली में किसी बावत के होते हुए भी नियुक्त प्राधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह लोक हित में संस्थान के किसी संकाय सदस्य या अन्य अधिकारी, कर्मचारी को उसके द्वारा पचास वर्ष की आयु प्राप्त करने या बीस वर्ष की अर्ह सेवा पूर्ण करने के पश्चात् शासी निकाय द्वारा गठित की जाने वाली जॉच समिति की संस्तुतियों पर, कम से कम लिखित रूप में तीन माह की नोटिस देकर या ऐसी नोटिस के बदले में वेतन देकर सेवानिवृत्त कर दें।

(2) यदि नोटिस की अवधि तीन माह से कम पड़ जाये तो तीन माह से कम पड़ने वाली अवधि के लिये वेतन का भुगतान किया जाएगा।

धारा 41 (1) (च) और 22 (3) 95 (1) संकाय सदस्य, अधिकारी या कर्मचारी पचास वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात् या बीस वर्ष की अर्ह सेवा पूर्ण करने के पश्चात् नियुक्ति प्राधिकारी को तीन माह की नोटिस देकर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की मांग कर सकता है, परन्तु यह भी कि नियुक्ति प्राधिकारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के ऐसे अनुरोध को "नोटिस की अवधि के भीतर" अस्वीकार कर सकता है, यदि कर्मचारी के विरूद्ध कोई अनुशासनिक कार्यवाही विचाराधीन या अवेक्षित हो।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी के लिये संकाय सदस्य, अधिकारी या कर्मचारी को अपेक्षाकृत कम अवधि की नोटिस देकर उससे उस नोटिस की अवधि के बदले में जो तीन माह की अवधि से कम हो, किसी शास्ति या धनराशि का भुगतान करने की अपेक्षा किये बिना सेवानिवृत्ति की अनुज्ञा देने में कोई बाधा नहीं होगी।

धारा 41 (1) (घ) और धारा 22 (3)

96 (1) विशेष परिस्थितियों में, किसी आचार्य की एक समय में अधिकतम एक वर्ष तक राज्य सरकार की पूर्वानुमोदन से शासी निकाय द्वारा सेवा विस्तार किया जा सकता है, लेकिन अधिवर्षिता की आयु के पश्चात् सेवा विस्तार की कुल अवधि तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी, यदि:–

(एक) कोई उपयुक्त प्रतिस्थानी उपलब्ध न हो, और

(दो) शिक्षण और शोध कार्य में बाधा पड़ने की सम्भावना हो, यदि पद रिक्त रहे।

परन्तु–

(क) सेवा का विस्तार ऐसे आचार्य को देय होगा जिसने अध्यापन और शोध कार्य में उत्कर्ष–प्रदर्शन किया हो और

(ख) व्यक्ति संकाय, अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष आदि जैसे प्रशासनिक पदों को धारण नहीं करेगा।

(ग) वह शारीरिक रूप से स्वस्थ हो।

(2) सेवा विस्तार की अवधि को सेवायोजन के जारी रहने के रूप में माना जाएगा और अधिवर्षिता का दिन ऐसा दिनांक होगा जिस दिनांक को सेवा विस्तार समाप्त हो जाये।

धारा 41 (1) (घ) और धारा 22 (3)

97 यदि संस्थान को किसी संकाय के सदस्य या किसी अन्य संकाय से भिन्न अधिकारी की सेवाओं की आवश्यकता हो तो अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति के पश्चात् नियोजक ऐसे व्यक्ति को पुनःनियोजित कर सकता है, यदि:

(क) वह अधिवर्षिता के समय किसी वैज्ञानिक या तकनीकि कार्य में लगा हुआ था जिसे कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना किसी अन्य कर्मचारी को सौंपा नहीं जा सकता है, या;

(ख) वह किसी विनिर्दिष्ट कियाकलाप में लगा हुआ था जिसके प्रभावित होने की सम्भावना है यदि व्यक्ति को पुनः नियोजित न किया जाए, या;

(ग) उसका पुनर्नियोजन लिखित में अभिलिखित किये जाने वाले कारणों से संस्थान के हित में है, और;

(घ) वह शारीरिक रूप से स्वस्थ है।

परन्तु– यह कि किसी भी व्यक्ति को अधिवर्षिता की आयु के पश्चात् तीन वर्ष से अधिक पुनर्नियोजन पर सेवा में नहीं रखा जाएगा।

परन्तु यह और कि पुनर्नियोजन के प्रत्येक मामले में शासी निकाय का पूर्वानुमोदन नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्राप्त किया जाएगा।

धारा 41 (1) (घ) और धारा 22 (3)

98 पुनः सेवायोजन की अवधि के दौरान कोई व्यक्ति अस्थायी कर्मचारी की तरह माना जाएगा और निम्नलिखित लाभों का हकदार नहीं होगा–

(क) समान्य भविष्य निधिय

(ख) छुट्टी का नकदीकरण;

(ग) संस्थान से ऋण या अग्रिम;

(घ) कोई छुट्टी यात्रा रियायत/गृहयात्रा रियायत;

(ड.) परिवार और अपने व्यवस्थापन के स्थान पर सामान के परिवहन हेतु यात्रा और;

(च) पुरस्कार या मानदेय।

धारा 41 (1) (घ) और धारा 22 (3) 99 (1) अस्थायी कर्मचारी की सेवाएँ चाहे कर्मचारी द्वारा नियुक्ति प्राधिकारी को या तो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा कर्मचारी को लिखित रूप में सूचना देकर किसी भी समय समाप्ति के लिए उत्तरदायी होगी।

(2) ऐसी सूचना की अवधि, चाहे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा कर्मचारी को या कर्मचारी द्वारा नियुक्ति प्राधिकारी को दी जाए, एक माह होगी।

प्रतिबन्ध यह है कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा दी गयी सूचना की दशा में वह सूचना में उसी संपूर्ण अवधि या उसके किसी भाग के बदले में वेतन देने की बात को रख सकता है, और

परन्तु यह और कि नियुक्ति प्राधिकारी किसी कर्मचारी को कोई नोटिस दिए बिना अवमुक्त करने के लिए स्वतंत्र नहीं होगा या अल्पावधि के लिए नोटिस स्वीकार करने के लिए भी स्वतंत्र नहीं होगा। वह इसके लिए कर्मचारी से नोटिस के स्थान पर धनराशि का भुगतान करने की अपेक्षा करेगा।

स्पष्टीकरण– इस विनियम के उद्देश्य हेतु, अस्थायी सेवा का आशय संस्थान के स्थायी या अस्थायी पद की स्थानापन्न सेवा से है, और अन्य नियुक्तियों जो कि इस विनियम में विनिर्दिष्ट हैं, अस्थायी नियुक्तियाँ होंगी।

(3) इस विनियम में कोई बात निम्नलिखित के संबंध में लागू नहीं होगी–

(क) संविदा पर रखे गये कर्मचारी,

(ख) ऐसे कर्मचारी जो संस्थान को पूर्णकालिक सेवा में न हो,

(ग) वर्क चार्ज्ड अधिष्ठान में नियोजित व्यक्ति, और,

(घ) ऐसे व्यक्ति जिन्हें आकस्मिक व्यय से भुगतान किया जाता है।

धारा 41 (1) (घ) और धारा 22 (3) 100 (1)इस विनियमावली में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी संस्थान का कोई स्थायी सदस्य, संकाय सदस्य सहित, नियुक्ति प्राधिकारी को तीन माह की लिखित नोटिस देकर या उसके बदले में संस्थान को तीन माह के वेतन का भुगतान करके त्याग पत्र दे सकता है।

(2)ऐसें त्याग पत्र प्रभावी नहीं होंगे, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा स्वीकार न कर लिया जाए।

(3)नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे त्याग पत्र को स्वीकार करने से इंकार कर सकता है, यदि कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही विचाराधीन या प्रक्रिया में हो।

धारा 41 (1) (घ) और धारा 22 (3) 101 इस विनियमावली में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी नियुक्ति प्राधिकारी पद समापन के कारण जब सेवाओं की आवश्यकता न हो तब, संस्थान की आवश्यकता न हो तब संस्थान के स्थायी संकाय सदस्य, अन्य अधिकारी या कर्मचारी की सेवा, तीन माह के वेतन का भुगतान करके, समाप्त कर सकता है।

अध्याय चौदह

ज्येष्ठता

धारा 41 (1) (घ) और धारा 22 (3) 102 अधिनियम, उसके अधीन बनायी गयी नियमावली और विनियमावली के उपबंधों के अध्यधीन समय समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन और अपील) नियमावली 1999 के उपबंध लागू होंगे।

(1) कार्यपालक कुलसचिव संस्थान के प्रत्येक श्रेणी के संकाय सदस्यों के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 में उपबंधों के अनुसार एक पूर्ण और अद्यतन ज्येष्ठता सूची तैयार और अनुरक्षित करेगा।

(2) चिकित्सा अधीक्षक संस्थान के अस्पताल के प्रत्येक श्रेणी के कर्मचारियों के संबंध में समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 में उपबंधों के अनुसार एक पूर्ण और अद्यतन ज्येष्ठता सूची तैयार और अनुरक्षित करेगा।

(3) संयुक्त निदेशक (प्रशासन) संस्थान के गैर–अस्पताल के प्रत्येक श्रेणी के कर्मचारियों के संबंध में समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 में उपबंधों के अनुसार एक पूर्ण और अद्यतन ज्येष्ठता सूची तैयार और अनुरक्षित करेगा।

धारा 41 (1) (च) और धारा 22 (3) 103 ज्येष्ठता सूची तैयार किया जाना

(1) किसी सेवा में नियुक्त किये जाने के तुरन्त बाद इस विनियमावली के उपबंधों के अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी सेवा में मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों की एक अनन्तिम ज्येष्ठता सूची तैयार करायेगा।

(2) सुसंगत अवधि की नोटिस के द्वारा जो अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के परिचालन के दिनांक से सात दिनों से कम नहीं होगी, आपत्तियाँ आमंत्रित करते हुए सम्बन्धित व्यक्तियों के मध्य अनन्तिम ज्येष्ठता सूची का परिचालन किया जाएगा।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी एक तर्कसंगत आदेश द्वारा आपत्तियों के निस्तारण के पश्चात् अंतिम ज्येष्ठता सूची जारी करेगा।

अध्याय पंद्रह

सामान्य भविष्य निधि

धारा 41 (1) (च) 104 अधिनियम और तद्धीन बनायी गयी नियमावली एवं इस विनियमावली के उपबंधों के अधीन रहते हुए, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में समय–समय पर यथा प्रचलित सुसंगत विनियमावली राज्य सरकार के अनुमोदन के अधीन रहते हुए लागू होगी।

अध्याय सोलह

पेंशन, उपादान और पारिवारिक पेंशन

धारा 41 (1) (च) 105 अधिनियम और तद्धीन बनायी गयी नियमावली एवं इस विनियमावली के उपबंधों के अधीन रहते हुए संस्थान के कर्मचारियों को देय पेंशन, उपादान और पारिवारिक पेंशन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में समय–समय पर प्रचलित पेंशन, उपादान और पारिवारिक पेंशन के अनुरूप राज्य सरकार के अनुमोदन के अधीन रहते हुए लागू होंगे।

नई पेंशन योजना 01 अप्रैल, 2005 को या उसके पश्चात नियुक्त कर्मचारियों पर लागू होगी।

अध्याय सत्रह

भवन निर्माण और अन्य अग्रिम

106 अधिनियम और तद्धीन बनायी गयी नियमावली एवं इस विनियमावली के उपबंधों के अधीन रहते हुए वित्तीय नियम–संग्रह (खण्ड–1, भाग–5, के सुसंगत उपबंध लागू होंगे।

अध्याय अठ्ठारह

निदेशक हितकारी निधि

धारा 41 (1) (घ) 107 (1) संस्थान के सभी नियमित कर्मचारियों के प्रसुविधा के लिए संस्थान "निदेशक हितकारी निधि" के नाम से एक निधि का गठन करेगा। संस्थान का प्रत्येक कर्मचारी निधि का सदस्य होगा। निधि का यह प्रयास होगा कि वह संस्थान के कर्मचारी की मृत्यु या स्थायी निःशक्तता की स्थिति में निधि के सदस्यों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान करे।

(2) इस विनियमावली के प्रयोजनों के लिए परिवार के अंतर्गत, यथास्थिति, केवल पति/पत्नी, सौतेले और दत्तक पुत्रों सहित पुत्र तथा अविवाहित एवं विधवा पुत्रियाँ हैं।

(3) किसी ऐसे कर्मचारी के संबंध में जिस पर इस विनियम के उपबंध लागू हैं सहायता की धनराशि मृत्यु की दशा में रू0–1,00,000 और स्थायी निःशक्तता की दशा में रू0–50,000 होगी।

हितकारी निधि का गठन निम्नलिखित से किया जाएगा :–

(क) संस्थान से अंशदान जिसकी धनराशि रू0–25,000 प्रतिवर्ष या शासी निकाय द्वारा समय–समय पर किये गये संशोधन के अनुसार,

(ख) सदस्यों के एक दिन के वेतन से एक बार दिया गया अंशदान,

(ग) निवेश से आय, और,

(घ) किसी विन्यास, दान या अन्य अंशदान से प्राप्तियों या ऐसे विशिष्ट कार्यकलापों द्वारा निधि में अभिवृद्धि जैसा कि शासी निकाय के अनुमोदन से हितकारी निधि की प्रबन्ध समिति द्वारा विनिश्चित किए जाएँ।

(ड़) निधि का संग्रह और प्रबन्ध अन्यतः संस्थान द्वारा किया जाएगा और राज्य सरकार द्वारा किसी प्रकार की सहायकी या अनुदान नहीं प्रदान किया जाएगा।

धारा 41 (1) (च) और धारा 22 (3) 108 (1) हितकारी निधि का प्रबन्ध और प्रशासन एक प्रबन्ध समिति द्वारा किया जाएगा जिसमें अध्यक्ष के रूप में निदेशक, सदस्य–सचिव के रूप में वित्त अधिकारी और निदेशक द्वारा हितकारी निधि के प्रशासन के लिए नामनिर्दिष्ट तीन अन्य सदस्य सम्मिलित होंगे।

निदेशक किसी सदस्य की मृत्यु/स्थायी निःशक्तता की सूचना प्राप्त होते ही जब भी आवश्यकता हो वित्तीय सहायता अवमुक्त करने के लिए सशक्त है।

(2) हितकारी निधि की धनराशि किसी अनुसूचित बैंक में सावधिक निक्षेप में जमा की जाएगी या उसका ऐसी रीति से विनिधान किया जाएगा जैसा कि निदेशक के अनुमोदन से हितकारी निधि की प्रबन्ध समिति द्वारा विनिश्चय किया जाए।

(3) निधि का लेखा सम्यक रूप से रखा जाएगा और संस्थान के लेखा परीक्षकों से प्रतिवर्ष उसकी लेखा परीक्षा कराई जाएगी।

अध्याय उन्नीस

